कोटा, झालावाड़ एवं सवाई माधोपुर से एक साथ प्रकाशित

Visit us at http://www.dailydeshkidharti.com

वंदेमातरम्

# दैनिक देश की धरती

संस्थापक : स्व.हुकमचंद जैन Email:dhartikota@gmail.com कोटा दूरभाष 2411711, मो.9829221551

वर्ष 50 अंक 43 कोटा गुरुवार 13 फरवरी 2025 फाल्गुन कृष्ण 1 सं. 2081 प्रभात पृष्ठ 8 मूल्य:2.00 रुपये





**जनवरी में रिटेल महंगाई घटकर 4.31% पर आई, ये 5 महीने का निचला स्तर, खाने-पीने की चीजों के दाम घटे**



**भारत ने इंग्लैंड को 142 रन से तीसरा वनडे हराया, सीरीज 3-0 से जीती, शुभमन गिल की सेंचुरी; हर्षित-अर्शदीप को 2-2 विकेट**

# चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ियों पर 'सुप्रीम' नाराजगी

## कहा-लोग काम नहीं करना चाहते, क्योंकि उन्हें 'फ्री' मिल रहा है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शहरी गरीबी उन्मूलन पर बुधवार को सुनवाई करते हुए सख्त टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि फ्रीबीज की वजह से लोग काम नहीं करना चाहते। लोगों को बिना काम किए पैसे मिल रहे हैं। ऐसे में उन्हें मुख्यधारा में लाना प्राथमिकता है। शीर्ष अदालत ने चुनाव जीतने के लिए मुफ्त चीजों की घोषणा करने की प्रथा पर कड़ी आलोचना की और कहा कि लोग ऐसे चुनावी वादों के कारण 'काम करने के लिए तैयार नहीं हैं' क्योंकि उन्हें मुफ्त राशन और पैसा मिलता है। शीर्ष अदालत ने पूछा कि क्या ऐसी आकर्षक घोषणाओं के कारण 'परजीवियों का एक वर्ग' पैदा हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मुफ्त राशन के कारण, जब चुनाव का ऐलान होता है, तो लोग काम करने को तैयार नहीं होते। उन्हें बिना कोई काम किए मुफ्त राशन मिल रहा है। कोर्ट ने कहा कि क्षमा करें, लेकिन इन लोगों को मुख्यधारा के समाज का हिस्सा न बनाकर, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे हैं। जस्टिस बीआर गवई और



जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमानी ने पीठ को सूचित किया कि केंद्र सरकार शहरी बेघर लोगों के लिए आश्रय के प्रावधान जैसे मुद्दों के समाधान के लिए शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। अदालत ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि वह सरकार से पूछें कि शहरी गरीबी राहत कार्यक्रम कब शुरू होगा। मामले की सुनवाई छह सप्ताह बाद फिर से होगी। सुप्रीम कोर्ट की यह कड़ी टिप्पणी दिल्ली विधानसभा चुनाव के कुछ दिनों बाद आई है, जिसमें भाजपा और आप दोनों ने कई आकर्षक वादे किए थे, जिन्हें वे सत्ता मिलने के बाद पूरा करेंगे। आप के ऐसे वादों में महिला सम्मान योजना (प्रत्येक महिला को 2,100 रुपये मासिक सहायता), पानी के बिलों की माफी, पुरुष छात्रों के लिए मुफ्त बस यात्रा और सभी छात्रों के लिए मेट्रो किराए में 50 फीसदी की छूट शामिल थी। भाजपा ने महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक सहायता, हर होली और दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर देने का भी वादा किया। मध्य प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में भी इस तरह की मासिक वित्तीय सहायता के वादे किए गए थे, जिसने राज्य चुनावों में भाजपा की जीत पक्की की।

## हिमंता की 8 सेमीकंडक्टर कंपनियों के प्रमुखों से चर्चा

### असम सीएम का सिंगापुर दौरा

दिसपुर (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा 10 फरवरी को सिंगापुर पहुंचे। यहां उनकी सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शणमुगर्तनम से रणनीतिक सहयोग पर चर्चा हुई। असम सीएम ने बताया कि असम 2.0 के



रोडमैप में सिंगापुर का अहम योगदान रहने वाला है। असम के मुख्यमंत्री ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से भी मुलाकात की और भारत की ईस्ट एशिया पॉलिसी के तहत दोनों देशों के मजबूत संबंध पर जोर दिया। हिमंता ने 8 सेमीकंडक्टर कंपनियों के प्रमुखों से बात की। हिमंता ने इन कंपनियों को राज्य की इलेक्ट्रॉनिक सिटी जागीरोड में संभावनाएं तलाशने के लिए न्योता दिया।

## घुसपैठ रोकने नया विधेयक ला रही है केंद्र की सरकार

### अवैध तरीकों से घुसने वालों की अब खैर नहीं, सख्त होंगे नए प्रावधान



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका और ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देश घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहे हैं। अब भारत भी इस दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। भारत में बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश करने वालों को सख्त सजा दी जाएगी। इसके लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार संसद में एक विधेयक ला रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश करने वाले किसी भी विदेशी नागरिक को अब अधिकतम पांच साल तक की जेल और 5 लाख रुपये तक का जुर्माना भुगतना पड़ सकता है। यदि कोई व्यक्ति जाली पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवेश करता है, तो उसे कम से कम दो साल और अधिकतम सात साल की सजा हो सकती है, जबकि जुर्माना 1 लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक हो सकता है। यह प्रावधान आप्रवासन और विदेशी विधेयक, 2025 का हिस्सा है, जिसे इस सत्र में लोकसभा में पेश किए जाने की तैयारी है। इस विधेयक का उद्देश्य चार पुराने कानूनों को समाप्त करके एक व्यापक कानून बनाना है।

## सिख दंगा मामले में सज्जन कुमार दोषी करार

नई दिल्ली (एजेंसी)। 1984 के सिख दंगा मामले में सज्जन कुमार को दोषी करार दिया गया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाया है। सिख विरोधी दंगा मामले में सज्जन कुमार को दोषी करार दिया गया है। 1984 सिख विरोधी दंगे मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की हत्या के लिए दोषी ठहराया। 1 नवंबर 1984 को सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से जुड़े मामले में सज्जन कुमार आरोपी थे।



## मोदी-ट्रंप की मुलाकात पर रहेगी दुनियाभर की नजर

- आज वॉशिंगटन में होने जा रही है मुलाकात, मजबूत होंगे भारत-अमेरिका रिश्ते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बहुप्रतीक्षित मुलाकात 13 फरवरी को वॉशिंगटन में होने जा रही है। इस हाई-प्रोफाइल बैठक पर दुनिया भर की नजरें टिकी हुई हैं, क्योंकि यह पीएम मोदी की दूसरी बार राष्ट्रपति बने ट्रंप के साथ पहली द्विपक्षीय बैठक होगी। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी 12 फरवरी की शाम को वॉशिंगटन पहुंचेंगे। इसके बाद अगले दिन 13 फरवरी को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी अहम बैठक होगी। हालांकि, बैठक के सटीक समय को लेकर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह ऐतिहासिक बैठक पीएम मोदी और भारतीय विदेश मंत्रालय के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लाइव प्रसारित होगी। इसके अलावा, कई प्रमुख टेलीविजन समाचार चैनल भी इस बैठक का व्यापक कवरेज देंगे। वहीं, व्हाइट हाउस के आधिकारिक पोर्टल पर भी इसके प्रसारण की संभावना जताई जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।



## टीएमसी छोड़कर दोबारा कांग्रेस में लौटे अभिजीत

### चार साल बाद हुई घरवापसी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने चार साल बाद राजनीतिक तौर से घरवापसी की है। बुधवार को मुखर्जी एक बार फिर कांग्रेस में शामिल हो गए। 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2012 और 2014 में



जंगीपुर से सांसद रहे अभिजीत मुखर्जी 2019 में लोकसभा चुनाव में हार गए थे। बता दें कि उनकी बहन शर्मिष्ठा मुखर्जी ने हाल में ही कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल रखा था। अभिजीत मुखर्जी के कांग्रेस में शामिल होने के बाद पार्टी ने राहत की सांस ली है। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे और पूर्व लोकसभा सांसद अभिजीत मुखर्जी ने लगभग चार साल तृणमूल कांग्रेस में बिताने के बाद कांग्रेस में वापसी कर ली है।

## गुलियन बेरी सिंड्रोम से पहली मौत, मच गया हड़कंप

## पुणे के बाद अब मुंबई में जीबीएस ने पसारे पांव

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे में जीबीएस के तांडव के बाद अब संक्रमण मुंबई तक पहुंच गया है। मुंबई के नायर अस्पताल में भर्ती 53 साल के एक मरीज की मौत हो गई है। मुंबई में जीबीएस सिंड्रोम वायरस से मौत का यह पहला मामला है। मरीज वडाला इलाके का रहने वाला था और बीएमसी के बीएन देसाई अस्पताल में वार्ड बॉय के रूप में काम करता था। नायर अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, वो काफी दिनों से बीमार था और उसका इलाज चल रहा था। वहीं नायर अस्पताल में एक नाबालिग लड़की भी भर्ती है, जिसे जीबीएस वायरस हुआ है। यह लड़की पालघर की रहने




वाली है और 10वीं कक्षा की छात्रा है। इससे पहले 6 फरवरी को भी जीबीएस सिंड्रोम वायरस की चपेट में आने से एक मरीज की मौत हो गई थी। वहीं, 26 जनवरी को महाराष्ट्र के पुणे में गुलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी से एक चार्टर्ड अकाउंटेंट का निधन हो गया था। वह डीएसके विश्वा इलाके में रहता था। जीबीएस एक न्योरोलॉजिक बीमारी है। स्वाइन फ्लू के तरह इस बीमारी के लक्षण होते हैं। जिसमें सर्दी, जुकाम और तेज बुखार आता है। इसके कारण मांसपेशियों में कमजोरी हो जाती है और शरीर के अंग सुन्न पड़ जाते हैं।

## आंध्र प्रदेश की वर्किंग वूमन को बड़ा तोहफा

### वर्क फ्रॉम होम के लिए किया पॉलिसी का ऐलान

**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश सरकार राज्य की कामकाजी महिलाओं को बड़ा तोहफा देने जा रही है। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने ऐलान किया है कि सरकार महिलाओं को वर्क फ्रॉम होम देने के लिए स्कीम लाई है। सीएम नायडू ने कहा कि



इस फैसले के बाद प्रोफेशनल महिलाओं को वर्क लाइफ और फैमिली को बैलेंस करने में सुविधा होगी। सरकार के इस फैसले की एक्स पर जानकारी देते हुए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद से रिमोट वर्किंग और हाइब्रिड मोड अधिक लोकप्रिय हो गए हैं।

## शिंदे को मिला अवॉर्ड तो जल-भुन गए संजय राउत

### शरद पवार पर जताई नाराजगी

मुंबई (एजेंसी)। नई दिल्ली में महाराष्ट्र के पूर्व सीएम एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य की मौजूदगी में शरद पवार ने शिंदे को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में गदगद एकनाथ शिंदे ने शरद पवार की जमकर तारीफ की। अवॉर्ड सेरेमनी में एकनाथ शिंदे ने शरद पवार की तारीफ करते हुए कहा कि राजनीतिक दायरे से अलग सबसे अच्छे रिश्ते कैसे रखे जाते हैं, यह पवार साहब से सीखा जा सकता है। शिंदे द्वारा गई शरद पवार की ये तारीफ शिवसेना (उद्धव गुट) को पसंद नहीं आया। यूबीटी सांसद संजय राउत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सभी बिके हुए हैं। ऐसे अवॉर्ड तो खरीदे और बेचे जाते हैं। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि शरद पवार ने शिंदे का सत्कार भी किया।



## राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास का निधन

### बाबरी विध्वंस के वक्त रामलला को गोद में लेकर भागे थे, टीचर के बाद पुजारी बने

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। बुधवार सुबह 7 बजे लखनऊ में उन्होंने आखिरी सांस ली। 3 फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद उनको अयोध्या से लखनऊ रेफर किया गया था। आचार्य सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर अयोध्या के सत्य धाम गोपाल मंदिर आश्रम में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर सीएम योगी ने शोक जताया है। आचार्य सत्येंद्र दास को कल यानी 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे जल समाधि दी जाएगी। सत्येंद्र दास 32 साल से रामजन्मभूमि में बतौर मुख्य पुजारी सेवा दे रहे थे। 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी विध्वंस के समय वे रामलला को गोद में लेकर भागे थे। सत्येंद्र दास का जन्म संतकबीरनगर जिले में 20 मई, 1945 में हुआ था। यह जिला



अयोध्या से 98 किमी दूर है। वे बचपन से ही भक्ति भाव में रहते थे। उनके पिता अक्सर अयोध्या जाया करते थे, वह भी अपने पिता के साथ अयोध्या घूमने जाते थे। अयोध्या में उनके पिता अभिराम दास जी के आश्रम में आते थे। सत्येंद्र दास भी अभिराम जी के आश्रम में आने लगे थे। अभिराम दास वही थे, जिन्होंने राम जन्मभूमि में 22-23 दिसंबर 1949 में गर्भगृह में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और सीता जी की मूर्तियों के प्रकट होने का दावा किया था। इन्हीं मूर्तियों के आधार पर आगे की लड़ाई लड़ी गई। मूर्तियों के प्रकट होने के दावे और अभिराम दास जी की रामलला के प्रति सेवा देखकर सत्येंद्र दास बहुत प्रभावित हुए। उन्हीं के आश्रम में रहने के लिए उन्होंने संन्यास लेने का फैसला किया। सत्येंद्र दास ने 1958 में घर छोड़ दिया। उनके परिवार में दो भाई और एक बहन थीं। बहन का निधन हो चुका है।

## संगम की बूंदों में उफनाया माघी पूर्णिमा का अनंत विश्वास, 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में माघ पूर्णिमा का स्नान जारी है। संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ है। शाम 6 बजे तक 2 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। एक्टर सुनील शेट्टी ने भी संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने कहा, आज वाकई मैंने गंगा नहा लिया।

भीड़ को देखते हुए 13 से 15 फरवरी तक प्रयागराज में 8वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। लेकिन, पढ़ाई ऑनलाइन होगी। इससे पहले श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाए गए। काटजू रोड पर मस्जिद के बाहर जुटे नमाजियों ने भी श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की।

महाकुंभ मेले से भीड़ जल्दी बाहर निकल जाए, इसलिए लेटे हनुमान मंदिर, अक्षयवट और डिजिटल



महाकुंभ सेंटर को बंद रखा गया। आज महाकुंभ में कल्पवास भी खत्म हो गया। संगम स्नान के बाद करीब 10 लाख कल्पवासी यहां से विदा होने लगे।

13 जनवरी से अब तक 48.25 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अब 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान पर्व होगा।

**डीएम बोले- आसानी से पूर्णिमा का स्नान संपन्न हुआ-**प्रयागराज के छ्रूरविंद्र कुमार मांदड़ ने कहा- आज पूर्णिमा का स्नान संपन्न हुआ है। श्रद्धालु रवाना हो रहे हैं। रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और सड़कों को सुचारु रखने के लक्ष्य को हमने सफलता पूर्वक लागू किया है।

## मायावती ने अपने समधी को ही बीएसपी से किया बाहर

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने बड़ा ऐक्शन लिया है। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को बसपा से बाहर कर दिया है। राज्य सभा सांसद रहे सिद्धार्थ की डॉक्टर बेटी से आकाश की शादी हुई है। अशोक सिद्धार्थ के पिता बीएसपी संस्थापक कांशीराम जी के सहयोगी रहे हैं। मायावती ने इस बारे में एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा- बीएसपी की ओर से ख़ासकर दक्षिणी राज्यों आदि के प्रभारी रहे डॉक्टर अशोक सिद्धार्थ, पूर्व सांसद व नितिन सिंह, ज़िला मेरठ को, चेतावनी के बावजूद भी गुटबाजी आदि की पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पार्टी के हित में तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है। अशोक सिद्धार्थ के बारे में कहा जाता है कि वह बसपा के ऐसे लो प्रोफाइल नेता हैं। वे पार्टी में पर्दे के पीछे रहकर काम करने को तवज्जो देते थे। चर्चाओं से हमेशा दूर रहे हैं। उन्हें लंबे समय से मायावती के बेहद करीबी नेताओं में गिना जाता रहा हैं। मायावती की नजदीकी के कारण उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़कर राजनीति में एंट्री ली। मायावती ने उन्हें पहले एमएलसी बनाया।



## जिले के किसान एप से अब स्वयं कर रहे रबी गिरदावरी

### ई-गिरदावरी करने की प्रक्रिया आसान, किसानों की राह हुई आसान

**बारां 12 फरवरी (देश न्यूज)।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार और जिला कलक्टर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री की बजट घोषणा अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा किसानों को सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से किसानों को स्वयं द्वारा गिरदावरी करने के प्रावधान किए गए है। जिसके अन्तर्गत इस बार रबी गिरदावरी संवत 2081 का कार्य 01 जनवरी से प्रारंभ किया गया था। काश्तकार द्वारा अपने मोबाइल में गुगल प्लेस्टोर के माध्यम से राज किसान गिरदावरी एप डाउनलोड कर अपने जन आधार से लॉगिन कर ई-गिरदावरी कार्य किया जा सकता है। रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि बारां जिले के समस्त काश्तकार राज किसान गिरदावरी एप का अधिक से अधिक उपयोग कर अपनी रबी फसल की गिरदावरी खुद करें। ताकि काश्तकार की पटवारी पर निर्भरता नहीं रहे एवं फसल का सही आंकलन होकर गिरदावरी कार्य समय पर पूर्ण हो सके। जिन काश्तकारों के खेत में किसी प्रकार की फसल नहीं है तो भी निल फसल (कोई फसल नहीं है) को सलेक्ट करते हुए गिरदावरी सबमिट करें।

## राइजिंग राजस्थान के उद्देश्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारी गंभीरता से करें कार्य-जिला कलक्टर

**बारां 12 फरवरी (देश न्यूज)।** जिले में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के अंतर्गत अनुमोदित हुए एमओयू की समीक्षा बैठक का आयोजन आज जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले में अनुमोदित हुए 122 एम ओ यू की वर्तमान स्थिति पर सभी विभागों के अधिकारियों से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी इन्वेस्टर्स से संपर्क स्थापित कर उन्हें जिले में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन एम ओ यू धारकों के पास भूमि उपलब्ध नहीं है उनसे संबंधित विभाग भूमि आवंटन भूमि रूपांतरण या अन्य भूमि संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए एम ओ यू धारकों से नियमानुसार आवेदन शीघ्र कराएं। उन्होंने विशेष तौर पर बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यटन के क्षेत्र में हुए एम ओ यू को शीघ्र ही क्रियान्वित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सभी अधिकारी उद्यमियों से सामंजस्य से स्थापित कर तय समय सीमा में कार्य को पूरा करें।

## प्रजापति विकास समिति की बैठक में विवाह सम्मेलन करने पर की चर्चा

**बारां 12 फरवरी (देश न्यूज)।** प्रजापति विकास समिति की बैठक बुधवार रात को चौमुखा बाजार स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर में परिसर में देशी प्रजापति चौरासी पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश अपरोतिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मीडिया प्रभारी मनीष प्रजापति ने बताया कि बैठक में मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष जानकीलाल बारवाल ने मंदिर के निर्माण कार्यप्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें समाज की आराध्य देवी श्रीयादें मां, भगवान श्रीराधाकृष्ण, श्रीकंकाली माता व शिव परिवार प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। कोषाध्यक्ष उमेश बहेनिया ने बताया कि बैठक में इस वर्ष भी सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने पर विचारविमर्श किया गया। जिसकी तिथि एवं दिनांक तय करने के लिए चौरासी पंचायत की बैठक जल्द ही बुलाई जाएगी। सम्मेलन की बचत राशि का उपयोग मंदिर निर्माणार्थ कार्य में लिए जाने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में रामस्वरूप सलवाडिया, चौथमल सरोया, जानकीलाल बारवाल, उमेश बहेनिया, हरपाल खंडारिया, मदनलाल बाबरिया, मथुरालाल हाटवा, हंसराज धलवासिया, राजेंद्र बाबरिया, हजारीलाल धलवासिया, द्वारकालाल बडूलिया, दिनेश बहैनिया, घनश्याम अपरोतिया, भैरूलाल बडुलिया, टीकमचंद बरूदना, राकेश बारवाल अध्यापक, कृष्णकांत प्रजापति, सुरेश चक्रधारी, मनीष प्रजापति, योगेश प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## कृषि पर्यवेक्षक समन्वय समिति ने किया धरना प्रदर्शन, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**बारां 12 फरवरी (देश न्यूज)।** कृषि पर्यवेक्षक समन्वय समिति ने विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को कार्यालय के समक्ष धरना देकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विभिन्न मांगों को लेकर संयुक्त निदेशक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सभी कृषि पर्यवेक्षक एवं पदोन्नत सहायक कृषि अधिकारी एक दिन का अवकाश लेकर सुबह 11 बजे मिनी सचिवालय परिसर में संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार कार्यालय पर एकत्रित हुए। जहां जिलाध्यक्ष कमलप्रकाश मीणा के नेतृत्व में कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। धरने में छीपाबड़ौद से संरक्षक मोहनलाल महावर, सहायक कृषि अधिकारी रामदयाल गोचर, कृषि पर्यवेक्षक छबड़ा कलक्टर के अध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक सदाकत अली व अंता ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश गोस्वामी आदि ने धरने को संबोधित किया।

## पुलवामा हमले के शहीदों को 14 फरवरी को देंगे श्रद्धाजंलि

**बारां 12 फरवरी।** पुलवामा में शहीद हुए भारतीय सेना के 44 जवानों को 14 फरवरी को कोटा रोड स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धाजंलि दी जाएगी। युवाटीम के नेता आकाशसिंह शेखावत ने बताया कि 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादियों द्वारा साजिशपूर्वक किए गए विस्फोट में भारतीय सेना के 44 जवान शहीद हो गए थे। इस घटना से पूरा देश स्तब्ध रह गया था। प्रतिवर्ष शहर के युवाओं द्वारा 14 फरवरी को इन शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है। इस बार भी शाम 7 बजे स्वामी विवेकानंद पार्क में दो मिनट का मौन रखा जाएगा। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। इसमें शहरवासियों को अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है।

## नो दिवसीय राम कथा ज्ञान यज्ञ शुरू



**कवाई 12 फरवरी (देश न्यूज)।** क्षेत्र के ग्राम आमा पूरा में ग्रामवासियों के सहयोग से नो दिवसीय राम कथा ज्ञानं यज्ञ का शुभा रम्भ बुधवार से हो गया। पंडित श्री राजकुमार शास्त्री के मुखर्वद से भक्तों को श्रवण करने का मोका मिला है।

## सर्व समाज छात्रावास संघर्ष समिति बारां की बैठक 16 को

**बारां 12 फरवरी (देश न्यूज)।** सर्व समाज छात्रावास संघर्ष समिति की बैठक 16 फरवरी, रविवार को दोपहर 12 बजे के करीब अध्यक्ष विक्रम सिंह रहलाई की अध्यक्षता में कोटा रोड पब्लिक पार्क में आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष विक्रम सिंह रहलाई ने बताया कि ज्ञात हुआ है कि मेलखेडी तिराहे के पास नगर परिषद की ओर से सर्व समाज के छात्रावास के लिए भूमि आबंटित की थी, उस जमीन पर अतिक्रमियों व भूमाफिआओं द्वारा मिटटी की खुदाई कर 30 से 40 फीट गहरे करके जमीन को खोखला कर रहे हैं। इस संदर्भ में जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय के लिए बैठक बुलाई गई है। बैठक में सभी समाज के छात्रावास अध्यक्षों से रविवार को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# रस्ता बहुत तवील है, हो जाएगा मुख्तसर

### कोई किस्सा छेड़ दे, मेरे प्यारे हमसफर

- शायर सलाम मुज़्तर की कोई किस्सा छेड़ दे पुस्तक का हुआ भव्य विमोचन



छबड़ा 12 फ़रवरी (देश न्यूज)। छबड़ा क़स्बे के निवासी शायर अब्दुल सलाम मुज़्तर द्वारा लिखी गई पुस्तक ÷कोई किस्सा छेड़ दे÷ का मंगलवार रात्रि को क़स्बे के एक निजी होटल में भव्य विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रोफेसर रहीम खान ने बताया कि क़स्बे की निजी होटल में मंगलवार रात्रि को कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क़स्बे के निवासी शायर अब्दुल सलाम मुज़्तर द्वारा लिखी गई ग़ज़ल संग्रह पुस्तक ÷कोई किस्सा छेड़ दे÷ का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस निज़ामुद्दीन खान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार एवं लेखक रिजवान ऐजाज़ी ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में छबड़ा पेंशनर संघ के अध्यक्ष हरीश पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अब्दुल हादी खान ने नात शरीफ सुनाकर की। कार्यक्रम के दौरान कवि रामकरण मेहता, दयाल परमार व देवेंद्र सिसोदिया ने भी काव्य पाठ किया तथा अब्दुल सलाम मुज़्तर को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर शायर सलाम मुज़्तर ने भी अपनी कि़ताब से उपस्थित श्रोताओं को ग़ज़ल और शेरो शायरी सुनाकर वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि निज़ामुद्दीन खान ने सलाम मुज़्तर को बधाई देते हुए कहा कि उनकी रचनाओं की वज़ह से छबड़ा कस्बे को पूरे देश में पहचान मिली है। अध्यक्षता कर रहे साहित्यकार रिज़वान एजाज़ी ने कहा कि साहित्य की दुनिया में छबड़ा का नाम हमेशा रोशन रहा है और उसमें चार चंद लगाने का काम शायर सलाम मुज़्तर कर रहे हैं। सभी अतिथियों का स्वागत अबुल कलाम ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर रहीम खान ने किया। अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित एडवोकेट हस्सान खान ने किया। कार्यक्रम में एडवोकेट सईद फारूकी, माजिद तिलक, पवन कुमार मीणा, पार्षद शाकिर खान, पार्षद आदिल सालारगाजी, पार्षद खालिद राणा, अमजद राइन, बुलंद इक़बाल, सदर साजिद खान, शराफत अंजान, आसिफ इकबाल, अयाज़ फारूकी, हाफिज शेरा, ताहिर खान, शकील खान, इमरान खान, मुजाहिद वहाब, आमिर सिद्दीकी, वली अहमद, मनीष मालव, राजा रॉयल, शाकिर चांवलखेड़ी, इरफ़ान आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दुकान की उधारी के पैसे मांगने पर मां-बेटे के साथ मारपीट, एसपी को सौंपा परिवाद

**बारां 12 फरवरी (देश न्यूज)।** छीपाबड़ौद कस्बे में गत रात्रि को दुकान की उधारी के पैसे लेने गया तो युवक उसकी मां के साथ मारपीट कर दी गई। जिससे मां को घायल होने पर जिला अस्पताल में भर्ती व मेडिकल कराया गया। वहीं पीड़ित की छीपाबड़ौद थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं करने पर उन्होंने बुधवार को बारां आकर जिला पुलिस अधीक्षक को परिवाद पेश किया। परिवाद में छीपाबड़ौद हाट चौक निवासी आबिदा बेगम पत्नी सिराज अहमद ने बताया कि 11 फरवरी की रात्रि को 8 बजे उसका पुत्र तोसिफ अली एक सेल्फ डायनुमा बेट्री की दुकान के मालिक मुजीब अली के कहने पर बकाया पैसे मांगने के लिए तोहिद अली के घर गया था। जहां उसके साथ मुफीद अली, तोहीद अली व मोहिद अली पुत्र मेहमूदा अली निवासी शक्ति मोहल्ला छीपाबड़ौद मारपीट करने लगे। आरोपियों ने तोसिफ को धमकी भी दी। जिसमें कहा गया कि वह उस दुकान पर काम करना छोड़ दे। अन्यथा उसे व उसके परिवारवालों को जान से मार देंगे। तोसिफ अपने घर आया और पीड़िता को बताया। फिर उसको साथ लेकर पीड़िता आरोपियों के घर शिकायत लेकर गई। तब फिर आरोपियों ने पुत्र तोसिफ से गालीगलौच की तथा कहा कि उसे अभी तो मारके भगाया था, वह फिर अपनी मां को लेकर आ गया। यह कहते हुए तीनों ने पीड़िता के साथ लात-घूसों व लट्ठ से मारपीट की। जिससे उसके कमर, हाथ, गर्दन व अन्य जगह चोटें आ गई। परिवाद में पीड़िता ने बताया कि आरोपियों की बहिन शीबा पुत्र मेहमूदा अली ने उसकी चोटी पकड़कर रोड पर पटक दिया और तीनों ने उसके कपड़े फाड़ दिए। इसके बाद तोहीद अली ने पीड़िता गर्दन पकड़ कर जान से मारने की धमकी दी तथा कहा कि उनकी पहचान आगे तक है। उनको कोई कुछ नहीं कर सकता। जैसे-तैसे वह जान बचाकर छीपाबड़ौद पुलिस थाने में गई, लेकिन उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। परिवाद में पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

## पठान के एआईएलएजे का जिला संयोजक बनने पर जताया हर्ष

**बारां 12 फरवरी (देश न्यूज)।** ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन फॉर जस्टिस (एआईएलएजे) के जिला संयोजक पद पर एडवोकेट परवेज पठान की नियुक्ति की गई है। उनके वकील साथियों एवं परिचितों ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया है। राजस्थान प्रदेश के कन्वीनर एडवोकेट अंसार इंदौरी ने पठान को शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी बनाकर संगठन की गतिविधियां प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया है। हर्ष व्यक्त करने वालों में अशफाक सर्राफ अनवर हुसैन, शकील अहमद, मोहम्मद रमज़ानी, इरशाद कारपेंटर, गुलज़ार अहमद, मौलाना रशीद, एडवोकेट फिरोज, आशिक देशवाली, शाद अंसारी, शमीन मंसूरी, ज़ाकिर अहमद, फरीद देशवाली, नज्जू भाई आदि शामिल हैं। जिला संयोजक पठान ने बताया कि यह संगठन वकीलों और कानून के छात्रों का एक राष्ट्रीय संगठन है। जिसका उद्देश्य नागरिकों के बुनियादी अधिकारों की रक्षा करना, पीड़ितों को न्याय दिलाना, संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखना है।

# पीड़िता ने 10वीं व 12वीं की अंक तालिकाओं में जन्मतिथि व सब्जेक्ट बदल कर नर्सिंग की डिग्री हांसिल करने का लगाया आरोप

### सीएमएचओ को दिया ज्ञापन

**बारां 12 फरवरी (देश न्यूज)।** शबनम पत्नी जाकिर हुसैन निवासी लंका कॉलोनी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन देकर मोहम्मद शाहिद अंसारी पुत्र सुल्तान मोहम्मद अंसारी मेल नर्स द्वितीय के फर्जी अंक तालिकाओं से चिकित्सा विभाग में नौकरी करने का आरोप लगाते हुए जांच करने की मांग की है। पीडिता शबनम ने ज्ञापन में बताया कि मोहम्मद शाहिद अंसारी वर्तमान में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बमूलिया माताजी अंता में मेल नर्स द्वितीय के पद पर पदस्थापित है, जो चिकित्सा विभाग की मिलीभगत से फर्जी अंक तालिकाओं के आधार पर सरकारी नौकरी में नियुक्त हुआ है और विभाग की मिलीभगत से नौकरी कर रहा है। मोहम्मद शाहिद अंसारी की माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की दसवीं की अंक तालिका में जन्म तिथि 18.11.1970 है व माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की अंक तालिका में जन्म तिथि 18.11.1974 है। ओवरएज होने के कारण कार्मिक की जन्म तिथि बदली गई है, जबकि सही जन्मतिथि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की दसवीं की अंक तालिका की जन्म तिथि 18.11.1970 है। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की दसवीं व 12वीं की फर्जी अंक तालिकाओं के आधार पर नर्सिंग डिग्री हांसिल की है। यह नर्सिंग डिग्री भी फर्जी है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान से 10वीं परीक्षा सन 11987 में व 12वीं की परीक्षा सन 1989 में कामर्स सब्जेक्ट से विद ग्रेस पास की है, जबकि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल से दसवीं की परीक्षा सन 1991 में 12वीं की परीक्षा सन 1993 में सब्जेक्ट परिवर्तित कर साइंस से फर्जी तरीके से अंक तालिकाओं को प्राप्त किया गया है। जन्मतिथि में भी फैरबदल किया गया है व सब्जेक्ट भी परिवर्तित किया गया है। कार्मिक मूल रूप से जिला बारां का मूल निवासी है। सारी शिक्षा राजस्थान से की है। केवल नौकरी प्राप्त करने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल से दसवीं व 12वीं की अंक तालिकाओं में जन्म तिथि व सब्जेक्ट बदल कर नर्सिंग की डिग्री हांसिल कर नौकरी प्राप्त की। पीडिता शबनम ने आरोप लगाया कि चिकित्सा विभाग द्वारा कार्मिक के राजकीस सेवा में नियुक्त होने पर उसके समस्त दस्तावेजों का सत्यान नहीं करवाया गया। जबकि उसकी अंक तालिकाएं दूसरे राज्य की है। पीडिता ने बताया कि पूर्व में भी शिकायत दर्ज करवाने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और विभाग द्वारा जांच नहीं करवाई जा रही है। विभाग ने शिकायत की सूचना के आधार के तहत सूचना मांगने पर भी नहीं दी जा रही है। इससे स्पष्ट है कि विभाग द्वारा कार्मिक से रिश्वत लेकर जांच नहीं करवा रहे हैं व जांच को रफा-दफा कर रहे हैं। पीडिता शबनम ने सीएमएचओ से मोहम्मद शाहिद अंसारी के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

# एनटीपीसी में आयोजित ग्रामीण विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता

### एमजीजीएस बालदड़ा की कबड्डी सीनियर वर्ग की छात्राएं विजेता बनी

**अंता 12 फरवरी (देश न्यूज)।** एनटीपीसी अंता की ओर से 2 दिवसीय ग्रामीण विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता एनटीपीसी के अंबेडकर मैदान में आयोजित हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बारां जिले के पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी रहे,अध्यक्षता एनटीपीसी के मुख्य प्रबंधक ने की।दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता बहुत ही शानदार हुई,जिसमे लगभग 23 स्कूलों की टीमों ने कबड्डी और एथलेटिक प्रतियोगिता में भाग लिया।स्थानीय विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक लक्ष्मण आर्य ने बताया कि कबड्डी सीनियर वर्ग छात्रा में बालदडा स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,जूनियर छात्रा कबड्डी में बालदड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इसके साथ ही एथलेटिक में छात्र तानसिंह ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय, छात्रा आशीबा ने 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया,रिले दौड़



4म100 मीटर में सीनियर वर्ग छात्रा में इरम गोरी, शाहीन परवीन, अलीशा, साहिबा ने द्वितीय स्थान, जूनियर वर्ग छात्रा में मुस्कान, अलीशा, आशिबा, बुलबुल ने द्वितीय स्थान, छात्र वर्ग सीनियर में तानसिंह, हसनैन गौरी, दुर्गाशंकर मालव,केशव पांचाल ने भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया।कुल16 मेडल बालदड़ा स्कूल ने अपने नाम किये। टीम कोच लक्ष्मण आर्य,टीम प्रभारी प्रमिला मालव,मोहम्मद शरीफ,कृष्ण कुमार शर्मा ने 2 दिन तक सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रघुवीर प्रसाद शर्मा और स्टाफ ने सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी।स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच मोहम्मद शरीफ खान ने टीम कोच,सभी प्रभारीयों को बधाई देते हुए कहा कि बालदड़ा ग्राम का नाम खेल के क्षेत्र में रोशन किया है।सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि जो खिलाड़ी या टीम जीतकर आई है उसके लिये खेल मैदान,खेल सामग्री,किट आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी साथ ही जो खिलाड़ी आगे बढ़ना चाहते है उनके लिए ग्राम पंचायत हर संभव सहायता देगी ताकि खिलाड़ी नेशनल लेवल पर पहुंचकर गांव का नाम खेल क्षेत्र में आगे बढ़ाए।सभी खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं दी।

## झालावाड़ रोड़ ओवर ब्रिज के नीचे एक ट्रक चालक ने गौवंश को रौंदा, मौके पर हुई मौत

### श्री वासुदेव गो सेवा समिति ने कोतवाली में दी रिपोर्ट

बारां 12 फरवरी (देश न्यूज)। मंगलवार को झालावाड रोड ओवर ब्रिज के नीचे एक ट्रक चालक ने बेरहमी से एक गौवंश को कुचल दिया, जिससे कि मौके पर ही गोवंश की दर्दनाक मौत हो गई। श्री वासुदेव गौ सेवा समिति ने ट्रक चालक पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर पुलिस थाना कोतवाली बारां में ट्रक चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। अध्यक्ष मनुज प्रताप व मंत्री यशवंत शर्मा ने बताया कि अटरू रोड व तेलफैक्ट्री रोड आमापुरा के पास ओवर ब्रिज के नीचे अतिक्रमण हो रहा है। जिस कारण रोड संकरे हो गए हैं। इस कारण ऐसी घटनाएं आए दिन होती रहती है। एक ट्रक चालक ने झालावाड रोड ओवर ब्रिज के नीचे गौवंश को ट्रक के नीचे कुचल दिया, जिससे गौवंश की मौके ही मौत हो गई, ट्रक को रविंद्र मीणा निवासी ढोटी (गोवर्धनपुरा) चला रहा था। समिति के पदाधिकारियों ने वाहन चालक व वाहन मालिक पर कडी कार्रवाई करने एवं मौका स्थल से अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

## विकसित आत्मनिर्भर भारत को मजबूती प्रदान करेगा बजट - सी. एम भजनलाल शर्मा

**बारां 12 फरवरी (देश न्यूज)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती देगा। साथ ही, बजट में मेक इन इण्डिया से अब श्मेक फॉर वर्लड की अवधारणा के साथ देश को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा दी गई है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस बजट में समावेशी विकास पर विशेष फोकस देते हुए संतुलित विकास का रोडमैप दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है, किसानों को आर्थिक संबल दिया गया है तथा एमएसएमई सेक्टर को भी मजबूती दी गई है। जनता का यह बजट भारत के जन-जन के भविष्य को निखारेगा तथा बजट से समृद्ध और सशक्त राजस्थान के विजन को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की अवधि को बढ़ाने, पावर सेक्टर रिफॉर्म के लिए विशेष सहायता देने एवं राज्य को पूंजीगत निवेश के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किये जाने के संबंध में प्रस्ताव दिए थे जिस पर केन्द्र सरकार ने बजट में मंजूरी दी।

# नेता प्रतिपक्ष ने अव्यवस्थाओं को लेकर भाजपा पार्षदों के साथ नगर परिषद कार्यालय पर लगाया ताला



**बारां 12 फरवरी (देश न्यूज)।** नगर परिषद बारां में आमजन को हो रही असुविधाओं तथा अधिकारियों, कर्मचारियों की मनमानी सहित कांग्रेस के पूर्व सभापति द्वारा अपने दलालों के माध्यम से फैला रखी अव्यवस्थाओं को लेकर आज नगर परिषद कार्यालय पर नेता प्रतिपक्ष दिलीप शाक्यवाल सहित भाजपा पार्षद धर्मेन्द्र भार्गव, योगेश गौत्तम, हरिश वैष्णव, विजय पिपलानी आदि ने ताला जड कर नाराजगी जताई। नेता प्रतिपक्ष दिलीप शाक्यवाल ने बताया कि सभापति ज्योति पारस काफी महिनों से नगर परिषद में नहीं बैठ रही है जिसके कारण आमजन को अपने कार्यो को करवाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। आयुक्त का कार्यभार भुवनेश कुमार मीणा अधिशाषी अभियन्ता के पास है। मीणा नगर परिषद कार्यालय में नहीं बैठकर विवेकानन्द पार्क के नजदीक स्थित अग्निशमन के कार्यालय में बैठते है तथा नगर परिषद के कार्यों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे है तथा इनके आने-जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है। कांग्रेस के पूर्व सभापति को बारां जिले के नटवरलाल की संज्ञा देते हुए उनके खिलाफनारेबाजी की तथा कहा कि इनके द्वारा नगर परिषद में पूरी गंदगी फैला रखी है तथा भुवनेश मीणा द्वारा इसके साथ मिलकर कई गलत कार्यो को अंजाम दिया जा रहा है एवं आमजन से जुडे सफाई, बिजली, सडक, निर्माण स्वी.ति, पट्टे आदि कार्यो को अटका रहे है। शाक्यवाल ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व सभापति के दलाल नगर परिषद कार्यालय में घूमते-फिरते रहते है और उनके द्वारा भुवनेश मीणा अधिशाषी अभियन्ता से मिलकर नगर परिषद में अराजकता फैला रखी है। शाक्यवाल ने अधिशाषी अभियन्ता भुवनेष कुमार मीणा को बारां जिले से हटाकर इनके खिलाफसख्त कार्यवाही करने तथा नगर परिषद से कांग्रेस के पूर्व सभापति के दलालों को बाहर करने की मांग की गई।

# आशा सहयोगिनी ने जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**बारां 12 फरवरी (देश न्यूज)।** आशा सहयोगिनि कर्मचारी संघ ने जिलाध्यक्ष इन्द्रा कुमारी सुमन के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन दिया। इससे पूर्व सभी आशा सहयोगिनियां कोटा रोड पब्लिक पार्क में एकत्रित हुई। जहां से जिला कलेक्ट्रेट पहुंची। जिलेभर से सभी आशा सहयोगिनियां कार्यक्रम में शामिल हुई। संघ की मंत्री सीमा रानी ने बताया कि मानदेय वृद्धि सहित विभिन्न मांगों को पूरा करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में आशा सहयोगिनियों का मासिक मानदेय श्रम एक्ट कानून अनुसार कुशल श्रमिक न्यूनतम मानदेय 816 रूपए प्रतिदिन की दर से 4508 रूपए प्रति माह से बढाकर 23700 रूपए प्रतिमाह करने, अनुभव के आधार पर पदोन्नत कर एएनएम का दर्जा दिए जाने तथा आशा पर्यवेक्षक एवं नर्सिंग प्रशिक्षण भर्ती प्रक्रिया में 50 प्रतिशत सीटें आशा सहयोगिनियों के लिए आरक्षित करने,



आशा सहयोगिनियों के सेवानिवृति अथवा आकस्मिक मृत्यु होने पर भरण-पोषण के लिए सहायता पैकेज में एकमुश्त राशि 11 लाख रूपए, मासिक पेंशन एवं परिवार की किसी भी आश्रित महिला को आशा सहयोगिनी बनाने, आशा सहयोगिनियों को आशा सॉट में दर्ज देय सभी गतिविधियों में मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को बढाकर तीन गुना करने, अन्य कार्य जैसे आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ई-केवाईसी एवं सर्वे इत्यादि कराने हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों द्वारा लिखित कार्यालय आदेश देने तथा अतिरिक्त अन्य कार्य कराने पर अन्य गतिविधियों की भांति समान अनुपात में प्रोत्साहन राशि देने, आशा सहयोगिनियों को ऑनलाइन कार्य करने हेतु नया टेबलेट स्मार्टफोन देने, आशा सहयोगिनियों को मिलने वाली ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन अवकाश 10-10 दिन तथा वार्षिक देय आकस्मिक अवकाश 20 दिन नहीं लेने पर मासिक मानदेय के अनुपात में भुगतान करने, आशा सहयोगिनियों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अथवा कर्मचारियों द्वारा मौखिक अनर्गल मानसिक दबाव बनाने पर संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए।

## सीएमए टारगेट सक्सेज एवं केरियर प्लानिंग पर सेमिनार आयोजित

कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। दी इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया कोलकता द्वारा कॉस्ट एंड मैनेजमेंट कोर्स की दिसम्बर-2024 टर्म की आयोजित इंटरमीडिएट एवं फाइनल परीक्षा में कोटा चैप्टर से पास विद्यार्थियों का बुधवार को सीएमए भवन, कोटा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। चेयरमैन सीएमए राजेन्द्र नाटाणी ने बताया कि कोटा से फाइनल परीक्षा में 8 छात्र कंपलीट एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 16 विद्यार्थी कंपलीट पास हुए। संस्था के डायरेक्टर, कोचिंग सीएमए मुकुट सोंखिया ने प्रोग्राम को कोआर्डिनेट किया। चैप्टर सेक्रेटरी सीएमए तपेश माथुर ने बताया कि कोटा से फाइनल का 29 प्रतिशत एवं इंटरमीडिएट का 23 प्रतिशत रिजल्ट रहा। कार्यक्रम में नार्थन इंडिया रीजनल कॉउन्सिल के वाईस चेयरमैन सीएमए सत्यनारायण मित्तल भी उपस्थित रहे एवं उन्होंने कैरियर प्लानिंग एवं सीएमए टारगेट सक्सेज पर मुख्य वक्ता के रूप में विस्तार से बताया। सीएमए फाइनल परीक्षा में कोटा से आल इंडिया 29वी रेंक प्राप्त करने पर वसुदा तोड़वाल को सम्मानित किया। प्रोग्राम में सीएमए रामप्रसाद व्यास, सीएमए जगदीश सारदा, सीएमए पूर्वा अग्रवाल, सीएमए अनिता दरगड़ , सीएमए कुंजबिहारी भावनानी एवं सीएमए राजीव अग्रवाल आदि ने सहभागिता की। मैनेजिंग कमेटी मेम्बर्स ने सभी पास छात्रों को बधाई दी तथा सभी सदस्यों एवं फेकल्टी का आभार वयक्त किया। प्रोग्राम में करीब 48 विद्यार्थियों, अभिवावकों एवं मेम्बर्स ने सहभागिता की।

## कोटा में आज यहां बिजली बंद रहेगी

कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण गुरुवार को निम्न स्थानों पर बिजली बंद रहेगी। सुबह 10:30 से दोपहर 3:30 बजे तकः बालाजी मार्केट, एलआईसी बिल्डिंग, यूआईटी ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज क्वार्टर, श्रीनाथपुरम सेक्टर-ए,नांता, गुलाब बाड़ी, कायनात नगर, क्रेशर एरिया, पीपली चौराहा, गौतम स्कूल, नारी निकेतन, इदगाह, करणी नगर, शंभुपुरा, राम नगर पत्थर मंडी, पीजीसीआईएल, सोडिया तलाई, बंजारा बस्ती सुबह 10:30 से दोपहर 2:30 बजे तकः विनोबा भावे नगर, आरोग्य नगर, गणेश नगर, बंसल स्कूल, कोटा विश्वविद्यालय, श्रीनाथपुरम सेक्टर बी और ए, जैन सर्जिकल अस्पताल आदि। सुबह 10:30 से दोपहर 12:00 बजे तकः चाणक्यपुरी, टैगोर नगर, बॉम्बे योजना, खनिज भवन के आसपास, खनन कार्यालय, रानी लक्ष्मी बाई योजना आदि। दोपहर 12.00 से शाम 5.00 बजे तकः महावीर नगर विस्तार योजना सेक्टर 3 आदि। सुबह 10:30 से शाम 4:30 बजे तकः वीर सावरकर नगर आदि। सुबह 10:30 से दोपहर 3:00 बजे तकः भामाशाहमंडी आदि। दोपहर 2.30 से शाम 5.00 बजे तकः संतोष नगर आदि। सुबह 11:30 से शाम 5:00 बजे तकः अक्षत विला सोगरिया आदि। सुबह 10:00 से दोपहर 3:00 बजे तकः इंद्र विहार, पीएमएस अमेरिकन हॉस्पिटल, फ्रेंड्स बाजार इंद्र विहार आदि। सुबह 10:00 से शाम 4:00 बजे तकः-देवाशीष सिटी , अरावली विहार, अर्जुन कॉलोनी, तिलक स्कूल, नहर के पास, प्रताप नगर तृतीय, देवाशीष के पास, गोकुल कॉलोनी, गगन विहार, अक्षर धाम, मोती नगर स्पेशल, मोतीनगर, शेरा एन्क्लेव, आशियाना नगर, सनसिटी स्पेशल, संतोष नगर 1 और 2, थेकड़ा मुख्य सड़क, मुख्य थेकड़ा गांव आदि।

## 14 फरवरी को खुलेगा क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स लिमिटेड का आईपीओ

कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विप्मेंट्स लिमिटेड 14 फरवरी को इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के संबंध में अपना प्रस्ताव खोलेगी।प्रस्ताव की अवधि 18 फरवरी को बंद होगी। ऑफर के लिए मूल्य बैंड 401 से 425 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 26 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 26 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं।

## राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी 2 को कोटा आएंगे

कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। भाजपा के ख्यातनाम प्रवक्ता, राज्यसभा सांसद एवं सनातन के ओजस्वी वक्ता सुधांशु त्रिवेदी 2 मार्च को कोटा प्रवास पर रहेंगे। जितेंद्र गोयल तथा रवि अग्रवाल ने बताया कि सुधांशु त्रिवेदी कोटा के दशहरा मैदान में भारत विकास परिषद् एवं जनमंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। भारत विकास परिषद सुभाष शाखा की बुधवार को हुई आमसभा में कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिसमें जनमंच अध्यक्ष के जितेंद्र गोयल ने कहा कि सुधांशु त्रिवेदी जग प्रसिद्ध, अपने विचारों के धनी, हिन्दुत्व को बदनाम करने वालों का पर्दाफाश करने वाले सनातनी, राज्यसभा के सम्मानित सदस्य हैं। बैठक में जनमंच अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, गोविंद माहेश्वरी, सुरेश अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष तेजेश-रीमा, सचिव विकास-सौम्या, सतीश-ज्योति, दीप-अभिलाशा, प्रवीण-उषा, विष्णु-शशि, कमल- उमादेवी, वेदप्रकाश, बालमुकुंद, मुकुट बिहारी, अनिल, रवि अग्रवाल उपस्थित रहे।



## शहर पुलिस ने की केंद्रीय कारागृह में औचक सघन चैकिंग



कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। कोटा शहर पुलिस द्वारा केन्द्रीय कारागृह कोटा में औचक सघन चैकिंग की गई। सिटी एसपी डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि आज बुधवार 12 फरवरी 25 को सांय 04.35 बजे से सांय 05.10 बजे तक केन्द्रीय कारागृह कोटा में अनिल कुमार सिंघल, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) कोटा एवं दिलीप कुमार सैनी, अति. पुलिस अधीक्षक, कोटा शहर के निर्देशन में योगेश शर्मा, वृत्ताधिकारी, वृत्त प्रथम कोटा शहर,मनीष शर्मा,वृत्ताधिकारी वृत्त चतुर्थ कोटा शहर,हरिराम सोनी, पुलिस उप अधीक्षक एससी/एसटी सैल, कोटा शहर एवं कोटा शहर के 20 थानाधिकारीगणों सहित राजेन्द्र कुमार, जेल अधीक्षक केन्द्रीय कारागृह कोटा, धारा सिंह, काय. उप अधीक्षक एवं कारापाल, श्री हरिकेश मीणा, कारापाल व सुश्री फरजाना बानो,काय.उपकारापाल, महिला बंदी सुधार गृह समेत 200 पुलिस/जेल कार्मिकों द्वारा केन्द्रीय कारागृह कोटा के बंदियों के सामान,बैरिक, लंगर, अस्पताल,हार्डकोर वार्ड की मेटल डिटेक्टर के माध्यम से गहनता से संयुक्त रूप से सघन तलाशी ली गई।सघन चैकिंग एवं तलाशी के दौरान कारागृह एवं बंदियो के पास कोई अवैध/निषिद्ध सामग्री बरामद नही हुई।

## नगर निगम कोटा दक्षिण की बैठक 2 मिनट में ही समाप्त करने की निंदा



कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। नगर निगम बोर्ड की बैठक को 2 मिनट में ही समाप्त कर ने की घोर निंदा की पार्षद सलीना शेरी ने बताया कि जनहित के मुद्दे लेकर नगर निगम बोर्ड की बैठक में गई थी नाले के अंदर सी सी रोड प्लेटफार्म बना दिया शहर में टूटी सड़के जनता को दे रही है दर्द निगम ने नाले में करवा दिया से पक्का निर्माण इसकी उन्होंने और निंदा की नियम विरूद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की नियम विरुद्ध ठेका लेने वाले पार्षद बालचंद शर्मा को निलंबन करने के नियम अनुसार कार्रवाई करने की मांग की उन्होंने बताया कि गलियों में स्ट्रीट डॉग के द्वारा लोगों को घायल करने जैसे मुद्दे लेकर आई थी लेकिन 2 मिनट में ही बैठक समाप्त कर दी गई इसकी उन्होंने घोर निंदा की निगम प्रशासन मेन रोड की सड़क तो नहीं बना रहा है जिस पर गद्दे पड़े हुए हैं और नालों के अंदर सीसी रोड बना रहा है पिछले 2 साल से वार्ड में कोई कार्य नहीं हुआ है टेंडर लगाने की लगातार मांग की जा रही है जिससे लोगों को मूलभूत सुविधा मिल सके बोर्ड बैठक में उप महापौर पवन मीणा परंपरागत ड्रेस पगड़ी धोती कुर्ता में आए उनके साथ धनराज गुर्जर गफ्फार हुसैन जियाउद्दीन देवेश तिवारी इसरार अहमद सुमन पेशवानी पिंकी प्रजापति शिवांगिनी सोनी तबस्सुम मिर्जा शमा मिर्जा जरीना बेगम नवीन यादव बबलू कसाना आदि ने महापौर के विरोध में नारे लगाए

## जेईई मैन 2025 के पहले चरण के परिणाम घोषित

**मोशन एजुकेक्शन को शानदार सफलता, 11 स्टूडेंट ने हासिल किए मल्टिपल सब्जेक्ट्स में 100 परसेंटाइल**



कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मैन के पहले चरण के परिणाम में मोशन एजुकेक्शन के स्टूडेंट्स ने शानदार सफलता अर्जित की है। मोशन के 11 स्टूडेंट ने मल्टिपल सब्जेक्ट्स में 100 परसेंटाइल हासिल की है। इसके अलावा मोशन के 216 स्टूडेंट्स ने 99.5 परसेंटाइल या अधिक अंक अर्जित किए हैं। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि गत वर्ष 93.23 परसेंटाइल अंक हासिल करने वाले जनरल स्टूडेंट्स जेईई एडवांस देने के काबिल माने गए थे। इस बार यह कट ऑफ 93 परसेंटाइल से ज्यादा रहने के आसार हैं। पहले चरण में मोशन के 11 हजार 19 स्टूडेंट्स ने जेईई मैन एग्जाम दिया था। उनमें 6 हजार 676 यानी 60.58 प्रतिशत स्टूडेंट्स ने 93 परसेंटाइल या अधिक अंक हासिल किए हैं। इस तरह मोशन के 60.58 प्रतिशत स्टूडेंट्स जेईई एडवांस देने के काबिल होंगे। नितिन विजय ने बताया कि हमारे स्टूडेंट मधुर चोपड़ा, दिव्यांश गंगवार, अर्णव निगम, कृषिव निझावन, ज्ञान प्रकाश, नमन गोयल, अतिन गुप्ता, देवेश गौतम, पद्मनाभ पांडे, लक्ष्य, अमोघ दिनेश गजेरा ने मल्टीपल सब्जेक्ट्स में 100 परसेंटाइल हासिल की है। इसी तरह रमित गोयल, सृजन अग्रवाल, अथर्व नाराचे, दिव्यांश अग्रवाल, लक्ष्य पाटीदार, कृष्णा टाक, आदित्य चौधरी, तनुज यादव, हेत सचिन सेठ, सक्षम दुबे, विनीत सिंघल, ध्रुव पाराशर, अभिषेक झा, मोहम्मद हसन और शिवम् सुनील विष्वेकर सहित 15 विद्यार्थियों ने 99.99 से 99.90 परसेंटाइल अंक हासिल किए हैं।

## शिक्षा मंत्री ने किया संस्कृत महाविद्यालय के नवीन भवन का भूमि पूजन

**2 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनेगा नया भवन**



कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने बुधवार को चेचट में संचालित राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिए पूजन किया। 2 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस नवीन भवन की नींव रखने के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री दिलावर ने कहा कि संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है। संस्कृत में अथाह ज्ञान छुपा है। अभी तक जितने भी शोध हुए है सभी में संस्कृत का योगदान है। आज भी पूरी दुनिया नए नए आविष्कार करने के लिए संस्कृत में रचित हमारे प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन कर रही है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा निरंतर प्रयास कर रहे है कि संस्कृत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हो और लोग संस्कृत को पढ़े। चेचट में आदर्श वेद विद्यालय खोलने का आग्रह करने पर मुख्यमंत्री ने हमारा आग्रह मानकर यह विद्यालय खोलने की स्वीकृति दे दी है। इसके लिए 15 बीघा जमीन का आवंटन भी हो गया है बहुत जल्दी भवन निर्माण का कार्य भी शुरू किया जाएगा।

## अभिमानी का पतन निश्चित - पंडित प्रदीप शास्त्री

कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। भागवत कथा वाचक पंडित प्रदीप शास्त्री ने कहा है कि अभिमानी व्यक्ति का पतन निश्चित है। उन्होंने बुधवार को रंगबाड़ी योजना सेक्टर 1 में आयोजित भागवत कथा के छठे दिन कंस उद्धार तथा रुक्मणी श्रीकृष्ण विवाह का प्रसंग बहुत ही रोचक अंदाज में सुनाया जिस पर श्रोता भाव विभोर हो गए। कंस के अनाचार एवं भगवान द्वारा उसका वध करना जो कि एक अभिमानी राजा के पतन को प्रदर्शित करता है। कंस को अभियान था कि वह जो कर रहा है सब कुछ जायज है। लेकिन भगवान ने उसका भी अंत करवा दिया।उन्होंने बताया कि हम हमारे बच्चों का शादी ब्याह करते हैं ठीक उसी प्रकार जब भगवान का विवाह महोत्सव होता है तो हमें प्रतिदिन उन प्रसंगों को याद करना चाहिए। कथा के दौरान सुमधुर भजनों पर श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य भी किया। आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य रणजीत गोचर ने बताया कि गुरुवार को कथा विश्राम लगी इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।



## जिला कलक्टर पहुंचे कोचिंग विद्यार्थियों के बीच, परीक्षा से पहले की तैयारी के टिप्स बताए

कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। जिला प्रशासन के कोटा केयर्स अभियान के तहत जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी बुधवार को सीएडी सर्किल स्थित मोशन कोचिंग संस्थान में कोचिंग विद्यार्थियों की क्लास में पहुंचे। उन्होंने परीक्षा से पहले की तैयारी के लिए जरूरी मैथड्स एवं ध्यान में रखने योग्य बातें विद्यार्थियों के साथ साझा की। उन्होंने बच्चों को मोटिवेट किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी सवाल पूछे और जिला कलक्टर ने उनकी शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स को अपना अटेंशन स्पान समझना चाहिए। इसके अनुसार ही प्लानिंग करनी चाहिए। हम कितनी देर पढ़ सकते हैं। यह समझते हुए ही छोटी-छोटी प्लानिंग करें। ऐसे में एक्जीक्यूशन अच्छा हो सकेगा। आउटपुट ज्यादा आएगा। उन्होंने कहा कि बडी प्लानिंग की जगह छोटे स्पेल में प्लानिंग करें, और उसका एक्जीक्यूशन करें। डॉ.गोस्वामी ने विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाने और हमेशा नई ऊर्जा में खुद को महसूस करने की सीख दी। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों से सेल्फ डाउट, बैकलॉग, टेस्ट प्रिपेरेशन, रिवीजन, जैसे विषयों पर भी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि हमें पढ़ने के तरीके के बारे में सोचना चाहिए। विद्यार्थी स्मार्टली रिवीजन करें। उन्होंने कहा कि जब क्लास नहीं हो तो रिवीजन पर ध्यान देना चाहिए।



## पंजाब नेशनल बैंक मण्डल की सभी शाखाओं में भी एमएसएमई ऋण मेले का आयोजन

कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। पंजाब नेशनल बैंक के मण्डल कार्यालय कोटा द्वारा हाड़ोती क्षेत्र में ओद्योगिक तथा व्यावसायिक विकास को गति देने तथा एमएसएमई इकाइयों को त्वरित, न्यूनतम ब्याज दर एवं आसान शर्तो पर ऋण उपलब्ध करवाने हेतु दिनांक 13-02-2025 को एसएसआई एसोसिएशन सभागार, पुरुषार्थ भवन में एमएसएमई आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा7 इसके अतिरिक्त उक्त तिथि को मण्डल की सभी शाखाओं में भी एमएसएमई ऋण मेले का आयोजन किया जा रहा है। पंजाब नेशनल बैंक के कोटा मण्डल प्रमुख श्री हनीफ मोहम्मद ने इस एमएसएमई एक्स्पो की जानकारी देते हुए बताया कि बैंक द्वारा एमएसएमई व्यवसायियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए एक ही मंच पर एमएसएमई ऋण से संबंधित विभिन्न बैंक उत्पादों तथा स्कीमों की जानकारी तथा ऋण स्वीकृति भी की जाएगी । ऋण की कम ब्याज एवं शर्तो में आसानी हेतु फ़ाईनेंशियल में सुधार के उपायों सहित डिजिटल ऋण में ब्याज दर में राहत हेतु जानकारी दी जाएगी। चूंकि उक्त कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी वित्तीय कंपनीयों के प्रतिनिधि एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी भी आमंत्रित किये गये है इसलिए मण्डल प्रमुख ने इस एमएसएमई ऋण एक्स्पो हेतु सभी कोटावासियों तथा व्यवसायियों को एक्स्पो में शामिल होने का आहवान किया है ताकि अधिक से अधिक व्यवसायी लाभान्वित हो पाएँ ।

## कोटा मंडल में मिशन रफ़्तार प्रोजेक्ट का 85 फीसदी कार्य हुआ पूरा

कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में मिशन रफ़्तार का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। यह कार्य डीआरएम कोटा अनिल कालरा एवं मुख्य परियोजना प्रबंधक-गति शक्ति यूनिट के नेतृत्व में नई दिल्ली-मुम्बई रेलमार्ग पर मिशन रफ़्तार 160 किमी प्रति घंटा प्रोजेक्ट के अन्तर्गत मंडल के नागदा से मथुरा खण्ड के मध्य कुल 545 किमी की दूरी में तीव्रता से चल रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत नागदा-मथुरा खण्ड में कार्य कुल 2890.39 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। नागदा-मथुरा के मध्य मिशन रफ़्तार प्रोजेक्ट का कार्य तीन भागो में विभाजित कर किया जा रहा है। जिसमे मथुरा-गंगापुर सिटी 152 किलोमीटर, गंगापुर सिटी-कोटा 172 किलोमीटर एवं कोटा-नागदा 221 किलोमीटर शामिल है। इसमें मुख्यतः तीन विभाग इलेक्ट्रिकल, संकेत एवं दूर संचार तथा इंजीनियरिंग द्वारा कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। जिसमें अबतक इंजीनियरिंग एवं संकेत एवं दूर संचार का लगभग कार्य पूर्ण हो चुका है। इलेक्ट्रिकल विभाग का ओवर हेड एक्युमेंट (ओएचई) से संबंधित कुछ कार्य गंगापुर सिटी-नागदा रेल खण्ड पर शेष बचा है जोकि इस वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च,2025 से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। वर्तमान में कोटा मंडल में मिशन रफ़्तार प्रोजेक्ट का कार्य लगभग 85 फीसदी तक पूरा हो चुका है।

## मंडाना में फार्मर रजिस्ट्री के प्री-कैंप का कलक्टर ने किया निरीक्षण

कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और कृषि क्षेत्र को डिजिटल रूप से मजबूत करने के लिए ग्राम पंचायत मंडाना में बुधवार को फार्मर रजिस्ट्री का प्री-कैंप आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने शिविर का निरीक्षण कर पंजीकरण प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों के लिए शिविर में सुविधाएं सुचारू रूप से संचालित हों और पंजीकरण में किसी प्रकार की परेशानी न हो। कलक्टर ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को लंबा इंतजार न करना पड़े।

'पंजीकरण के लिए जरूरी दस्तावेज रखें तैयार-फार्मर आईडी किसानों की भूमि की डिजिटल पहचान बनाएगी, जिससे सभी योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन संभव होगा। शिविर में पंजीकरण के लिए किसानों को आधार कार्ड, जमाबंदी और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य है। बिना इन दस्तावेजों के पंजीकरण संभव नहीं होगा।

एग्रीस्टैक के तहत डिजिटल सुविधा का विस्तार-शिविर में भूमि सत्यापन अधिकारियों द्वारा किसानों की पहचान की पुष्टि की जा रही है। सत्यापन ओटीपी के माध्यम से किया जा रहा है, लेकिन जिन किसानों को ओटीपी प्राप्त नहीं हो रहा, उनके लिए फेशियल रिकग्निशन तकनीक की सुविधा दी गई है। सत्यापन के बाद किसानों की डिजिटल फार्मर आईडी पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस द्वारा भेजी जा रही है, जिससे वे भविष्य में सभी योजनाओं का लाभ ले सकें।

### शाही मंत्र स्नान का अभूतपूर्व आयोजन

कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। महावीर नगर प्रथम में विराजित आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के सानिध्य में उच्चारित मंत्रो द्वारा तन मन जीवन के लिए अनंत ऊर्जा एवं सुख शांति समृद्धि के लिए जैन समाज के सभी धर्म प्रेमी बंधुओ को शाही मंत्र स्नान कराया गया। प्रचार सचिव मनोज जैन आदिनाथ ने बताया कि आयोजन में श्रावक श्राविकाओं में पुरुष वर्ग सफेद कुर्ता पायजामा एवं महिला वर्ग केसरिया साड़ी में उपस्थित रहे ।सर्व प्रथम आचार्य महाराज की पूजन की गई। बिल्कुल शांत वातावरण में आचार्य श्री ने अपने श्री मुख से मंत्रों का उच्चारण किया कार्यक्रम में आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ने ही समस्त मंत्रों का उच्चारण कर समस्त क्रियाएं संपन्न कराई।



## हॉस्टल एवं पीजी के लिए रजिस्ट्रेशन की अवधि 22 फरवरी तक बढ़ी

कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)। कोटा में सभी हॉस्टल एवं पीजी के रजिस्ट्रेशन के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी ऑनलाइन लिंक के माध्यम से रजिस्टेऊशन की अवधि बढाकर 22 फरवरी कर दी गई है। पहले यह अवधि 7 फरवरी तक ही थी। कोचिंग क्षेत्र के समस्त हॉस्टल, पीजी संचालकों के रजिस्टेऊशन से जिला प्रशासन के पास एक विस्तृत डाटा बैंक उपलब्ध होगा, जिससे पुलिस और जिला प्रशासन को हॉस्टल एवं पीजी संचालकों से संवाद कायम करने में आसानी होगी। उल्लेखनीय है कि कोटा में पीजी एवं हॉस्टल की संख्या काफी अधिक है। ऐसे में उनका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने से सटीक जानकारी मिल सकेगी। डाटा बैंक पर उपलब्ध जानकारी के माध्यम से सभी संचालकों को गेट कीपर ट्रेनिंग एवं अन्य दिशा-निर्देशों की पालना की जानकारी भी आसानी से दी जा सकेगी।

पीजी एवं हास्टल संचालकों के साथ हुई बैठक-जिला प्रशासन ने सभी पीजी ऑनर्स एवं एवं हॉस्टल संचालकों के साथ बुधवार को शहर के 04 थानों में बैठक आयोजित की, जिसमें उन्हें अपने कर्मचारियों को गेट कीपर ट्रेनिंग दिलवाने तथा राज्य सरकार के सभी दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप करने के निर्देश दिए गए। कुन्हाडी थाने में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी एवं उपखण्ड अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने बैठक ली। विज्ञान नगर थाने में अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला एवं ईआईजी स्टांप पुष्पा हरवानी ने, जवाहर नगर थाने में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अनिल सिंघल एवं सीईओ जिला परिषद राजपाल सिंह ने तथा महावीर नगर थाने में विशेषाधिकारी भूमि केडीए मालविका त्यागी एवं जिला आबकारी अधिकारी भंवरलाल जनागल ने हॉस्टल एवं पीजी संचालकों के साथ बैठक कर कोचिंग विद्यार्थियों में तनाव कम करने के उपायों तथा आगामी नीट, जेईई तथा बोर्ड परीक्षाओं को लेकर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि जिला कलक्टर ने कोचिंग संस्थाओं के लिए नियुक्ति नोडल अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को कोचिंग संस्थानों, हॉस्टलों एवं पीजी में विजिट कर वहां व्यवस्थाएं देखने, मानसिक अवसाद दूर करने एवं सम्बलन के लिए छात्रों से संवाद करने तथा हॉस्टल व पीजी संचालकों से गेट कीपर ट्रेनिंग सहित राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाईन की पालना कराने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए है।

एंटी हैगिंग डिवाइस नहीं होने पर कमरे सीज-अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अनिल सिंघल ने शहर के प्रतापनगर दादाबाडी में मकान नम्बर 167 में रह रहे कोचिंग छात्र अंकुश मीणा की आत्महत्या के प्रकरण में कार्यवाही करते हुए दादाबाडी थानाधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित मकान के कमरे सीज करने के आदेश जारी किए हैं। थानाधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में मकान में किराए पर दिए गए कमरों में एंटी हैगिंग डिवाइस नहीं होने का उल्लेख किया था, इसके आधार पर यह कार्यवाही की गई। जिला प्रशासन ने समस्त हॉस्टलों एवं पीजी सहित मकानों में कोचिंग छात्रों को किराए पर दिए जाने वाले कमरों में अनिवार्य रूप से एंटी हैगिंग डिवाइस लगाने के लिए पाबंद किया हुआ है।



# फ्रेशर हैं तो इंटरव्यू के दौरान ये टिप्स दिला सकती है नौकरी

एक फ्रेशर के लिए जॉब पाना काफी कठिन हो सकता है। लेकिन अगर आप इंटरव्यू के दौरान कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाते हैं तो इससे आपके लिए जॉब पाना काफी आसान हो जाएगा।

एक अच्छी जॉब पाना बहुत मुश्किल होता है। अक्सर एक्सपीरियंस लोगों के लिए भी मनपसंद जॉब के लिए इंटरव्यू क्रैक करना इतना आसान नहीं होता है। ऐसे में बतौर फ्रेशर इंटरव्यूअर को इंप्रेस करके जॉब पाना यकीनन एक जंग को जीतने से कम नहीं है। अक्सर ऐसा होता है कि फ्रेशर कई कंपनियों में जॉब के लिए अप्लाई करते हैं, लेकिन इंटरव्यू के वह पीछे रह जाते हैं और उन्हें अच्छी जॉब मिलते-मिलते रह जाती है।हो सकता है कि आपके साथ भी अक्सर ऐसा होता हो। ऐसे में आपको बहुत अधिक निराशा होती है। लेकिन अगर आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाते हैं तो इससे फ्रेशर होने के बाद भी इंटरव्यू क्रैक करना और जॉब हासिल करना आपके लिए काफी आसान हो जाता है।

## दिखें प्रेजेंटेबल

अगर आप चाहते हैं कि इंटरव्यू में आपका अच्छा इंप्रेशन मिले तो ऐसे में आपको प्रेजेंटेबल दिखना बेहद जरूरी है। इसलिए, जब आपके पास इंटरव्यू के लिए कॉल आती है तो आप ड्रेस कोड के अनुसार कपड़े खरीदें। आप कंपनी की पॉलिसी को ध्यान में रखकर कपड़े चुन सकती हैं। आप कपड़ों को अच्छी तरह आयरन करने के अलावा अपने जूतों को भी पॉलिश करें। अगर आपका इंटरव्यू ऑनलाइन (ऑनलाइन शॉपिंग) है तो भी आप ड्रेस कोड के अनुसार कपड़े पहनना ना भूलें।

## कंपनी के बारे में करें रिसर्च

अक्सर एक फ्रेशर इंटरव्यू में इसलिए भी मात खा जाते हैं, क्योंकि जब इंटरव्यूअर उनसे कंपनी के बारे में कुछ सवाल करते हैं तो उन्हें इसके बारे में पता नहीं होता है। इसलिए, अगर आपको किसी कंपनी से इंटरव्यू कॉल आई है तो आप पहले कंपनी के बारे में पूरी तरह से रिसर्च करें। आप कंपनी के प्रोडक्ट या सर्विस के अलावा उनके करंट क्लाइंट, ग्रोथ रिकॉर्ड व उनके गोल्स के बारे में जानने की कोशिश करें।

## बॉडी लैंग्वेज को करें मेंटेंन

इंटरव्यू के दौरान आपकी बॉडी लैंग्वेज भी बहुत अधिक महत्वपूर्ण है। आप इंटरव्यू के दौरान किस तरह बैठते हैं, किस तरह बात करते हैं, इससे सामने वाले व्यक्ति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। आपका बॉडी लैंग्वेज आपके कॉन्फिडेंस (कॉन्फिडेंस टिप्स)को दिखाता है। जिससे आपको जॉब मिलने के चांसेस काफी बढ़ जाते हैं। इसलिए, बिना किसी झिझक के आंख मिलाएं। साथ ही बैठते समय बहुत झुककर न बैठें। बात करते हुए आपके चेहरे पर हल्की मुस्कान आपको अधिक कॉन्फिडेंट बनाती है।

## डॉक्यूमेंट को रखें एक्स्ट्रा सेट

जब आप इंटरव्यू के लिए जा रहे हैं तो ऐसे में कोशिश करें कि आप अपने सभी जरूरी डॉक्यूमेंट के 2 या 3 एक्स्ट्रा सेट जरूर रखें। हो सकता है कि इंटरव्यू के दौरान एचआर द्वारा आपसे आपके बायोडाटा की हार्ड कॉपी मांग लें। ऐसे में अगर आपके पास अतिरिक्त कॉपी होगी तो आपके लिए काफी फायदा होगा।

इंटरव्यू के बाद करें फॉलो अप

इंटरव्यू के बाद यह बेहद जरूरी है कि आप बाद में आप फॉलो अप ई-मेल जरूर भेजें। जिसमें आप थैंक्यू के साथ-साथ फॉलोअप लें। इससे आपका एक अच्छा इंप्रेशन पड़ता है। कोशिश करें कि आप इस ईमेल को जॉब इंटरव्यू के 24 घंटों के भीतर भेजें ताकि इंटरव्यूअर को आप याद रख पाएं। हो सकता है कि इससे आपको जॉब मिलने के चांसेस काफी अधिक बढ़ जाएं।



# जॉब इंटरव्यू में स्ट्रेंथ और वीकनेस पूछने पर, क्या देना चाहिए जवाब?

जब हम नई नौकरी के लिए इंटरव्यू देने जाते हैं, तो हमसे कई तरह के सवाल पूछे जाते हैं। वहीं कुछ सवाल काफी पेचीदा होते हैं, जैसे- आपकी स्ट्रेन्थ और वीकनेस क्या है? इस सवाल का जवाब कई लोग सही से नहीं दे पाते हैं और उन्हें नौकरी से हाथ धोना पड़ जाता है।

हर किसी को नौकरी पाने के लिए इंटरव्यू देना पड़ता है। इंटरव्यू में अगर आप अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो आपकी जॉब पक्की हो जाती है। वहीं, कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से आप नई नौकरी से हाथ धो बैठते हैं। इंटरव्यू के दौरान कई तरह के सवाल पूछे जाते हैं, जिसमें से एक सवाल अक्सर कैंडिडेट को परेशान करता है। जब रिक्रूटर आपसे पूछता है कि Whats Your Strength And Weaknesses यानी आपकी ताकत और कमजोरी क्या हैं? कई बार लोग इस सवाल का जवाब अच्छे से नहीं दे पाते हैं और कुछ को तो समझ ही नहीं आता है कि इसका जवाब क्या देना है?

दरअसल, रिक्रूटर यह सवाल इसलिए करते हैं, क्योंकि वह देखना चाहते हैं कि आप कितने सेल्फ-अवेयर हैं। आप अपनी स्ट्रेन्थ और अपनी कमजोरियों को कितना अच्छे से जानते हैं। दूसरी बात, वे यह भी चेक करते हैं कि आपकी स्ट्रेन्थ नई नौकरी के साथ कितना ज्यादा मैच करती है। वहीं, कमजोरियां पर बात इसलिए करते हैं, क्योंकि वे देखते हैं कि आप पर्सनल ग्रोथ और प्रॉब्लम सॉल्विंग के लिए किस तरह से काम करते हैं।

## इंटरव्यू में फ्रेशर्स अपनी स्ट्रेन्थ के बारे में क्या बताएं?

अगर आप एक फ्रेशर हैं और आपके पास किसी तरह का एक्सपीरियंस नहीं है, तो चिंता न करें। आप इंटरव्यू में स्ट्रेन्थ यानी अपनी खूबियों के बारे में पूछने पर इन टिप्स को फॉलो करें।

**सीखने की उत्सुकता-** इंटरव्यू में आपकी ताकत पूछे जाने पर आपको जवाब देना है कि आप सीखने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और नई नॉलेज को हमेशा स्वीकार करने के लिए खुले रहते हैं।

**फ्लैक्सिबिलिटी और एडैप्टिबिलिटी-** आपको बोलना होगा कि आप नई जगह पर आराम से तालमेल बिठा सकते हैं। नए सॉफ्टवेयर और प्रोसेस को सीखने के लिए तैयार रहते हैं।

**स्ट्रॉन्ग वर्क एथिक्स-** आप हमेशा खुद को साबित करने के लिए उत्साहित बने रहते हैं। आपको कहना होगा कि आप अपने टास्क को डेडलाइन से पहले और क्वालिटी वर्क देने में काफी अच्छे हैं।

**कम्युनिकेशन और टीमवर्क-** इंटरव्यू में जब फ्रेशर्स से पूछा जाता है कि आपकी स्ट्रेन्थ क्या है, तो आपको जवाब देना होगा कि मैंने कॉलेज और कई कॉलेज प्रोजेक्ट्स में लीड किया है। मैं कम्युनिकेशन में और टीम के साथ मिलकर काम करने में अच्छा हूं।

**टेक्निकल स्किल्स-** फ्रेशर्स को अपनी टेक्निकल स्किल्स स्ट्रेन्थ के रूप में जरूर हाइलाइट करनी चाहिए। अगर आपको कोई सॉफ्टवेयर, प्रोग्रामिंग लैग्वेंज या डिजायन टूल आता है, तो उसके बारे में बताएं।

## अनुभवी प्रोफेशनल्स को कैसे देना चाहिए Tell Me About Your Strengths का जवाब?

- अगर आप अनुभवी प्रोफेशनल हैं, तो आपको Tell Me About Your Strengths के सवाल के पीछे के उद्देश्य को समझना होगा। अपनी स्ट्रेन्थ के लिए STAR (सिचुएशन, टास्क, एक्शन और रिजल्ट) मैथेड के साथ जवाब देना होगा।
- अपनी स्ट्रेन्थ में टेक्निकल स्किल्स, एनालिटिकल स्किल्स और सॉफ्टवेयर टूल्स में प्रोफिशियंसी को शामिल करना होगा।
- आपको कहना होगा कि मैं बहुत ऑर्गनाइज्ड हूं। मैंने अपनी पिछली कंपनी में एक नए मैनेजमेंट टूल को बनाया था, जिसकी वजह से हमारा काम 20 फीसदी तक आसान हो गया था।
- आपको बिना ईगो के कहना होगा कि मैं किसी भी टीम में सबसे अच्छा कम्युनिकेटर हूं।
- मेरी ताकत मल्टीटास्किंग है और मैं आउट ऑफ द बॉक्स सोचने की क्षमता रखता हूं।

## इंटरव्यू में Tell Me About Your Weaknesses बताने का तरीका

- जब आपसे रिक्रूटर पूछता है कि आपकी वीकेनस क्या है? तब आपको ध्यान रखना होगा कि जिस नौकरी के लिए आपने आवेदन किया है, उसके लिए यह हानिकारक न हो।
- मैंने देखा कि मैं किसी प्रोजेक्ट को बेहतर बनाने के लिए उसकी डिटेलिंग पर चला जाता हूं, जिसकी वजह से उन कामों को खत्म करने में ज्यादा समय लग जाता है। हालांकि, मैंने अपनी इस कमजोरी पर काम करना शुरू कर दिया है। मैं समय-सीमा निर्धारित करके ही काम को शुरू और खत्म करता हूं।
- मैं परफेक्शन के साथ काम करना पसंद करता हूं। हालांकि, कई बार प्रोजेक्ट को समय पर डिलीवर करने में देरी भी हो जाती है, क्योंकि मैं हर काम में अपना बेस्ट देने की कोशिश करता हूं।
- मैं दूसरों को काम सौंपने की जगह खुद काम करने पर भरोसा करता हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि काम सही ढंग से किया जाना जरूरी है। हालांकि, मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए और अपनी टीम पर भरोसा रखना चाहिए।
- हमेशा अपनी कमजोरियां बताते समय ज्यादा निगेटिव होने से बचें। अपनी एबिलिटी में सुधार करने के लिए विनम्रता और कॉन्फिडेंस के साथ बैलेंस बनाकर चलें। आपका यह नजरिया ईमानदारी, ग्रोथ मेंटलिटी और प्रोफेशनलिज्म को दिखाता है।

# विदेश जाकर करना चाहते हैं मीडिया की पढ़ाई, तो ये रहे टॉप 5 यूनिवर्सिटी

**मीडिया की पढ़ाई के लिए अगर आप विदेश के किसी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेना चाहती हैं, तो इस आर्टिकल से आइडिया ले सकती हैं। यहां पर मास कम्युनिकेशन और जर्नलिज्म की पढ़ाई के लिए कुछ यूनिवर्सिटी के बारे में बता गया है।**

मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है और इसमें एंट्री लेने के लिए कैंडिडेट को मास कम्युनिकेशन का कोर्स करना अनिवार्य होता है। अगर आप विदेश जाकर मीडिया की पढ़ाई करना चाहती हैं और अपने करियर को एक नया आयाम देना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। यहां हम आपको मास कम्युनिकेशन व जर्नलिज्म की पढ़ाई के लिए बेहतरीन फॉरेन कॉलेज के बारे में बताने वाले हैं। पत्रकारिता की पढ़ाई करके छात्रों को मीडिया के विभिन्न रूपों जैसे प्रिंट, टेलीविजन, रेडियो, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया आदि के बारे में सीखने का मौका मिलेगा। खास बात यह है कि इस कोर्स को करने से आपके अंदर समाचार, फिल्म निर्माण, लेखन, जनसंपर्क और अन्य क्षेत्रों में एक जाने का मौका मिल सकता है। यदि आप इस बात को लेकर कंफ्यूज हैं कि पाठ्यक्रम की पढ़ाई के लिए आपको कौन सा कॉलेज और देश चुनना चाहिए, तो यहां इसकी पढ़ाई के लिए विदेश के टॉप 5 कॉलेजों के बारे में जानकारी दी गई है।

## एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय

एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय में पत्रकारिता और मीडिया अध्ययन का अध्ययन करें, जहां कार्यक्रम व्यावहारिक अनुभव के साथ सैद्धांतिक नींव को जोड़ते हैं। अपना अंतर्राष्ट्रीय करियर शुरू करने के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर और विनिमय कार्यक्रमों में से चुनें।

## पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय

पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय का एनेनबर्ग स्कूल फॉर कम्युनिकेशन पत्रकारिता और संचार में कार्यक्रमों का एक सेट प्रदान करता है। छात्र व्यावहारिक कौशल के साथ सैद्धांतिक नींव को मिलाकर एक व्यापक शिक्षा प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम मीडिया, संचार और सामाजिक गतिशीलता के बीच जटिल संबंधों की जांच करते हैं।

## न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय

न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय का आर्थर एल. कार्टर पत्रकारिता संस्थान पत्रकारिता, मीडिया अध्ययन और संचार में असाधारण कार्यक्रम प्रदान करता है। पुरस्कार विजेता संकाय के नेतृत्व में, हमारे कार्यक्रम छात्रों को रिपोर्टिंग, लेखन, मल्टीमीडिया उत्पादन और उससे आगे के कौशल से लैस करते हैं।

## सिंगापुर का राष्ट्रीय विश्वविद्यालय

इंटरैक्टिव मीडिया डिज़ाइन, मीडिया अध्ययन और लिंग और सांस्कृतिक अध्ययन में विदेश में अध्ययन के अवसरों के लिए नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर दक्षिण पूर्व एशिया में अग्रणी है। संचार और नया मीडिया विभाग महत्वाकांक्षी पत्रकारों को बहुमुखी पेशेवरों के रूप में विकसित करता है, जो विविध मीडिया और संचार वातावरण में फलने-फूलने के लिए अच्छा विकल्प है।

## दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय

विदेश में पत्रकारिता और संचार में शीर्ष स्तर की शिक्षा के लिए लॉस एंजिल्स में दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के एनेनबर्ग स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म पर विचार करें। राजनयिक वाल्टर एनेनबर्ग के नाम पर रखा गया यह एक प्रतिष्ठित संस्थान, प्रतिष्ठित एनेनबर्ग स्कूल के माध्यम से स्नातक और परास्नातक पत्रकारिता कार्यक्रम प्रदान करता है।





# फ्रीलांसर से लेकर डिजाइनर तक ये हैं कॉलेज में पढ़ने वालों के लिए 5 बेहतरीन जॉब्स

कॉलेज के छात्र होने के कारण अक्सर आपका बजट कम रहता है। अक्सर लोगों सो पढ़ाई के सिलसिले में दूसरे शहर में रहना पड़ता है। ऐसे में कॉलेज फीस के साथ कई अन्य खर्चे भी जुड़ जाते हैं। सिर्फ बिल और किराने का सामान ही खर्च नहीं होता है जो आपको उठाना पड़ता है, बल्कि कई सारे अलग खर्च भी होते हैं। ऐसे मामलों में, आपको एक साइड इनकम की जरूरत होती है, जो आपको कुछ अतिरिक्त पैसे कमाने में मदद करे। अगर आपके पास कॉलेज के बाद कुछ खाली समय है और आपके पास कुछ स्किल भी है, तो कुछ साइड जॉब्स करके आप अपने आय का एक बढ़िया जरिया ढूंढ सकते हैं।

## फीलांसर के रूप में जॉब

अंग्रेजी, पत्रकारिता, संचार या संबंधित क्षेत्रों में पढ़ाई करने वाले कॉलेज के छात्रों के लिए, फीलांस लेखन एक उपयुक्त और आकर्षक साइड हसल हो सकता है। यदि आपके पास मजबूत लेखन कौशल है, तो आप अपवर्क जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर खोज कर सकते हैं, जहां क्लाइंट ब्लॉग पोस्ट, लेख और वेबसाइट कॉपी सहित आकर्षक सामग्री तैयार करने के लिए कुशल लेखकों की तलाश करते हैं। भले ही आप तकनीकी क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे हों, आप तकनीकी लेखन या संपादन परियोजनाओं को सुरक्षित करने के लिए अपने विशेष ज्ञान का लाभ उठा सकते हैं।

## ग्राफिक डिजाइनर

अगर आपको डिज़ाइन का शौक है, तो इसे फीलांस ग्राफ़िक डिज़ाइनर के रूप में आकर्षक साइड हसल में बदलने पर विचार करें। इस रचनात्मक प्रयास में क्लाइंट के लिए विज़ुअल कंटेंट तैयार करना शामिल है, जिसमें लोगो और बैनर से लेकर सोशल मीडिया ग्राफ़िक्स और उससे भी आगे की चीज़ें शामिल हैं। आप टी-शर्ट और हैट जैसे मर्चेंडाइज़ के लिए डिज़ाइनिंग भी कर सकते हैं या अपनी खुद की कलाकृति भी बेच सकते हैं। ग्राफ़िक डिज़ाइन, विज़ुअल आर्ट्स या इससे संबंधित क्षेत्रों में पढ़ाई करने वाले छात्र इस साइड हसल को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए अपने कौशल और ज्ञान का लाभ उठा सकते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

यदि आप किसी विशेष विषय में उत्कृष्ट हैं, तो ऑनलाइन ट्यूशन के माध्यम से अपनी विशेषज्ञता साझा करने पर विचार करें। यह अंशकालिक अवसर आपको अपने शेड्यूल के अनुसार काम करते हुए एक अच्छी आय अर्जित करने की अनुमति देता है। हालाँकि कोई विशिष्ट प्रमुख आवश्यकताएँ नहीं हैं, लेकिन विषय वस्तु पर अच्छी पकड़ होना आवश्यक है। गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, इतिहास या शिक्षा जैसे विषयों में प्रमुखता रखने वाले छात्र ट्यूशन सेवाएँ प्रदान करने के लिए अपने ज्ञान का लाभ उठा सकते हैं। आप मार्गदर्शन की आवश्यकता वाले हाई स्कूल के छात्रों से जुड़ सकते हैं और दुनिया भर के छात्रों को पढ़ा सकते हैं। ऑनलाइन ट्यूशन एक लचीला और संतोषजनक साइड जॉब है जो आपको अपना ज्ञान प्रदान करने और दूसरों को सफल होने में मदद करने में सक्षम बनाता है।

## खेड़ली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ जर्सी वितरण समारोह आयोजित



**रामगंजमंडी 12 फरवरी (देश न्यूज)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेडली ब्लॉक खैराबाद में 11 फरवरी मंगलवार को जर्सी वितरण समारोह का आयोजन हुआ।जिसमे रामगंजमंडी मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती ममता छन्दक एससी मोर्चा उपाध्यक्ष रामदयाल मेहरा प्रधानाचार्य श्रीमती रजनीगंधा पारीक सहित प्रधानाचार्य गिरिराज सिंघल तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।इस कार्यक्रम मे कक्षा 1 से 5 तक के 102 विधार्थियो को जर्सी वितारित की गई।

## कंवरपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 125 स्वेटरों का किया वितरण



**रामगंजमंडी 12 फरवरी (देश न्यूज)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कंवरपुरा चेचट में 11 फरवरी मंगलवार को के एल जे फाउंडेशन द्वारा दिए गए 125 स्वेटरों का छात्र-छात्राओं को वितरण किया गया।स्वेटर प्राप्त कर छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी छा गई।इस अवसर पर ममता छंदक पार्षद कृष्ण गोपाल अहीर उप जिला प्रमुख पूर्व व वर्तमान सरपंच खेड़ली व थानाधिकारी चेचट सहित भामाशाह घांसीलाल लोधा और रामेश्वर शर्मा उपस्थित थे।अंत मे संस्था प्रधान ने सभी उपस्थित अतिथियों व के एल जे फाउंडेशन सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया।

## जेसीआई कोटा शक्ति का फैलोशिप कार्यक्रम नखराली घूमर आयोजित

**कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** जेसीआई कोटा शक्ति का फैलोशिप कार्यक्रम नख़राली घूमर बुधवार को एक निजी गार्डन में संपन्न हुई। कार्यक्रम में सभी महिलायें रंग बिरंगी राजस्थानी वेशभूषा में नज़र आई। रैंप वॉक, हाउज़ी, ग्रुप गेम सहित सभी महिलाओं ने पार्टी का बहुत आनंद उठाया। शक्ति परिवार के सदस्यों द्वारा पधारो मेरे देश पर घूमर नृत्य किया गया। नख़राली घूमर ज्योति माहेश्वरी को चुना गया। अध्यक्ष ऋचा गुप्ता व सीनियर सदस्यों द्वारा नये सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रोजेक्ट डायरेक्टर आरती मलिक तथा डॉ ममता शर्मा का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में दिव्या गर्ग, प्रियंका गुप्ता, सरोज अग्रवाल, रुचिता जैन, निकिता,अर्पिता, ज्योति गुप्ता, प्रीना ताँबी, सुनीता खंडेलवाल, पारुल विजय, प्रीति व रोली पांडे आदि उपस्थित रही।

## श्री राजपूत कर्मचारी संघ ने किया संभागीय आयुक्त का सम्मान

**कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** श्री राजपूत कर्मचारी संघ राजस्थान द्वारा कोटा में नवनियुक्त सम्भागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत का मंगलवार को सीएडी सर्किल स्थित कार्यालय में स्वागत एवं सम्मान किया गया। श्री राजपूत कर्मचारी संघ राजस्थान के सदस्य गजराज सिंह मोठपुर ने बताया कि विभिन्न विभागों में कार्यरत राजपूत समाज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संभागीय आयुक्त शेखावत को माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर उनको प्रातः स्मरणीय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की तस्वीर भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर उपस्थित समाजबंधुओं में दशरथ सिंह मारखेडा, नन्दराज सिंह सिसोदिया नर्सिंग कोलेज,श्री खेमराज सिह सोलंकी जिला अध्यक्ष राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ वन विभाग, देवेंद्र सिंह शेखावत कृषि विश्वविद्यालय,अजय सिंह जी राठौड़ प्रोग्रामर, देवराज सिंह जी हाड़ा , दिग्विजय सिंह जी राजावत,राज सिंह जी, निरंजन सिंह जी,राम सिंह जी हाडा शिक्षा विभाग, जसवंत सिंह जी झाला,भवर दीप सिंह जी हाडा, हनुमान सिंह जी भाटी सहित बारां, झालावाड जिले के भी समाजबंधुओं ने उपस्थित रहकर बधाई दी।

## स्टेशनों पर गन्दगी करने वालों पर 3 लाख रूपए से अधिक का जुर्माना

**कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** मण्डल के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। डीआरएम के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य और यांत्रिक विभाग के निर्देशन में रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाती है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है।

# हाडौती सम्भाग कोचिंग समिति ने रखा मांगपत्र



**कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** हाडौती सम्भाग कोचिंग समिति की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपालकृष्ण अग्रवाल को ज्ञापन दिया। गोपाल कृष्ण अग्रवाल कोटा में आयोजित बजट- 2025 परिचर्चा में भाग लेने के लिए केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में कोटा आए थे। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम मेहता ने बताया कि समिति के सम्भागीय अध्यक्ष श्री बुद्धिप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में समिति प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार के सलाहकार व राष्ट्रीय प्रवक्ता अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार समृद्धि की और बढ़ रहा है। स्पीकर ओम बिरला देश की सबसे बड़ी पंचायत के अध्यक्ष है। अतः राष्ट्र की इस समृद्धि में कोचिंग संस्थानों को भी शामिल करें। इसके अंतर्गत छोटी व मंझले कोचिंग संस्थानों को लघु उद्योग की श्रेणी में लेकर लाभ दे। क्योंकि राजकीय व अर्द्ध राजकीय संस्थानों से संलग्न कर्मचारियों को सरकारी बैंकों द्वारा सस्ते ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवाए जाते हैं, परंतु निजी कोचिंग संस्थानों के निजी शिक्षकों को कोई भी सरकारी बैंक ऋण नहीं देता। अतः उन्हें विवश होकर प्राइवेट बैंक में जाकर ऊंची ब्याज दर पर ऋण लेना पड़ता है। क्योंकि शिक्षक चाहे राजकीय हो या निजी, शिक्षक राष्ट्र की धरोहर होते हैं। राष्ट्र की दिशा और दशा तय करने में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रतिनिधिमंडल में सम्भागीय अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा, संभागीय संरक्षक राकेश मिश्रा, सम्भागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम मेहता व कोटा जिला अध्यक्ष सोनिया राठौर शामिल रहे। इस अवसर नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमेन राजेशकृष्ण बिरला, कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा, भाजपा कोटा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन तथा भाजपा प्रदेश मंत्री अनुसुइया गोस्वामी ने समिति द्वारा की गई मांग का समर्थन किया है।

## रामगंजमंडी नगरपालिका बोर्ड की साधारण सभा हुई बजट बैठक

### 44 करोड़ 48 लाख 61 हजार का बजट हुआ पारित



**रामगंजमंडी 12 फरवरी (देश न्यूज)।** नगरपालिका रामगंजमंडी बोर्ड की बुधवार को साधारण सभा बजट मीटिंग का आयोजन हुआ,जो शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल के साथ अब तक हुई तमाम मीटिंगों में सबसे कम समय मात्र एक घण्टे के बीच ही सम्पन्न हो गई।जिसमें 44 करोड़ 49 लाख 61 हजार का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।पालिकाध्यक्ष देवीलाल सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिशासी अधिकारी तरुण लहरी ने अनुमोदन के लिए प्रस्तावित बजट को सदन में रखा।प्रस्तावित बजट में बताया कि नगरपालिका को वर्ष 2025-26 में 18 करोड़ 28 लाख 61 हजार रुपए की आवर्तक आय व 26 करोड़ 21 लाख की अनावर्तक आय होगी तथा 44 करोड़ 18 लाख 82 हजार रुपए का व्यय होगा।मीटिंग में पालिका अध्यक्ष देवीलाल सैनी उपाध्यक्ष रमेश मीणा व अधिशाषी अधिकारी तरुण लहरी सहित फोन करके बुलाने के बाद भी कोरम पूर्ण करने लायक पार्षद ही मौजूद थे।

## जिला स्तरीय डायमंड जुबली स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली आज से

**कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड कोटा जिले की ओर से पांच दिवसीय जिला प्रतियोगिता रैली गुरुवार से दशहरा मैदान कोटा में आयोजित होगी। स्काउट गाइड कोटा जिला प्रधान प्रकाश जायसवाल ने बताया कि 13 से 17 फरवरी तक आयोजित इस प्रतियोगिता रैली में कोटा जिले के विभिन्न स्थानीय संघों से लगभग 1 हजार स्काउट गाइड भाग लेंगे। सहकार नेता राजेश कृष्ण बिरला इस रैली के संयोजक होंगे। रैली की थीम ÷स्वच्छ राजस्थान सुंदर राजस्थान÷ रखी गई है। जहां रैली संभागी प्रत्येक स्काउट गाइड उक्त थीम की निहित भावना को प्रधानता देते हुए उच्च स्तरीय कार्यक्रम एवं प्रदर्शन करेंगे। जायसवाल एवं सीओ स्काउट बृजसुंदर मीणा ने बताया कि इस रैली के माध्यम से स्काउट गाइड का शारीरिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास होगा। जिसके लिए राष्ट्रीयता से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर बालक बालिकाओं को विश्वबंधुत्व, परस्पर प्रेम, सहयोग, टीम भावना एवं राष्ट्रीय भावात्मक एकता के खुले पाठ पढ़ने एवं अभ्यास के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। जायसवाल एवं सीओ गाइड प्रीति कुमारी ने बताया कि रैली में 12 वर्ष से 18 वर्ष के स्काउट एवं गाइड अपने यूनिट लीडर के नेतृत्व में सहभागिता करेंगे। जहां विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। रैली में व्यक्तिगत, ग्रुप स्तरीय एवं स्थानीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी।

## फिल्टर प्लांट भूमि का निरीक्षण किया



**रावतभाटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** रावतभाटा क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर सुरेश धाकड़ की अनुशंसा पर अगस्त 2024 एनपीसीआईएल के सामाजिक सरोकार से विक्रम नगर कच्ची बस्ती कुंडलिया में पानी की समस्या का समाधान करने के लिए बस्ती में फिल्टर प्लांट बनाने के लिए पत्र लिखकर अनुशंसा की गई थी जिसके द्वारा एनपीसीआईएल के सामाजिक सरोकार के माध्यम से बस्ती में फिल्टर प्लांट बनाने के लिए लगभग एक करोड़ की राशि का अनुमोदन किया था जिसके लिए श्री विनोद कुमार जी मल्होत्रा जी की ओर से नगर पालिका को निर्देश दिए गए थे भूमि का चयन की प्रक्रिया नगरपालिका द्वारा जारी थी इस क्रम में फिल्टर प्लांट हेतु भूमि आवंटित करने है तो आज विक्रम नगर कच्ची बस्ती कुडालिया में श्रीमान एडीएम साहब विनोद कुमार जी मल्होत्रा जी एवं पीएचडी के अधिकारी के श्री अरविंद जी मौर्य पटवारी नरेश कुमार लोधी जी एवं उनकी टीम द्वारा भूमि का निरीक्षण किया गया और फिल्टर प्लांट बनाने हेतु भूमिका चयन किया गया साथ ही एडीएम साहब द्वारा एनपीसीआईएल के सामाजिक सरोकार से प्राइमरी स्कूल की नई बिल्डिंग बनाने हेतु भी भूमि चयन करने के निर्देश दिए गए इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष भुवनेश नागर राधेश्याम जी गुप्ता , भाजपा नगर मंत्री पंकज गुप्ता युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सुरेश घोधावत निलेश बत्रा सुनील कैलाश नाथ हेमंत सिंह घनश्याम सोनी, रमेश सिंह, पुरुषोत्तम गुर्जर, रोहित चौहान, केसर सिंह राहुल अहीर, किसन सुनील गुप्ता, कमल भील, राकेश प्रजापत, फोरू प्रजापत, हेमंत सिंह चौहान, विनोद सोनी कमलेश भील रामलाल गुर्जर कमलेश बैरवा सोदान सिंह एवं वार्ड वासी मौजूद रहे एडीएम साहब द्वारा पटवारी जी को निर्देश दिए गए कि जल्द ही विक्रम नगर हेतु फिल्टर प्लांट के लिए जगह आवंटित की जाए बस्ती की भूमि हेतु मौके पर नक्शे का अवलोकन किया भूमि आवंटन हेतु निर्देश दिए इस अवसर पर सभी वार्ड वासियों ने तहे दिल से विधायक डॉ सुरेश जी धाकड़ एवं एडीएम साहब वह नगर पालिका प्रशासन का आभार प्रकट किया।

## रेलवे अन्तर्विभागीय प्रतियोगिता का चौथा दिन

**कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा स्व.श्री केशव एच कुलकर्णी की स्मृति में छठवीं रेलवे अन्तर्विभागीय प्रतियोगिता का आज चौथा दिन था। खेलकूद सचिव अजय कुमार चंदावत ने बताया कि वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के बैनर तले अन्तर्विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका आज चौथा दिन था। आज मुख्य अतिथि एक्स ई.एन. श्री नीरज श्रीवास्तव, डॉ. धीरज, डॉ. अल्तमश, डी.ई.ई. जरनल श्री सुनील चंदेल रहे। आज कुल 4 मैच खेले गए जिसमें 2 मैच रेलवे ग्राउंड पर और 2 मैच वर्कशॉप ग्राउंड पर खेले गए। पहले मैच में वर्कशॉप 11 व एस.एंड टी. पैंथर्स के बीच खेला गया इस एक तरफा मुकाबले में वर्कशॉप 11 की टीम विजयी रही, श्री राम अवतार चैधरी को 3 ओवर में मात्र 8 रन देकर 6 विकेट लेने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच वर्कशॉप रॉयल व सुपर वॉरियर्स 11 की टीम के बीच खेला गया इस मैच में सुपर वॉरियर्स 11 विजयी रही, श्री राहुल को उनकी घातक गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया इन्होंने 3 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट हासिल किये। तीसरा मैच वर्कशॉप ए व पावर 11 की टीम के बीच खेला गया इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वर्कशॉप ए ने विशाल 163 रन का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में पावर 11 की टीम 72 रन पर ही ढेर हो गई, श्री राजेश मीणा को मैन ऑफ द मैच चुना गया इन्होंने 3 ओवर में 5 रन देकर 5 विकेट लिए। चौथे व अंतिम मैच में मेडिकल की टीम का सामना टी.आर.ओ 11 से हुआ इस मैच में इस मैच में टी.आर.ओ 11 की टीम विजयी रही, श्री संदीप गुर्जर को ताबड़तोड़ 22 बॉल पर 42 रन बनाने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरी ओर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच वर्कशॉप और इंजीनियरिंग की टीम के बीच खेला गया। इस एक तरफा मुकाबले में इंजीनियरिंग की टीम ने 3 - 0 से मुकाबला अपने नाम कर खिताब जीत लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आर.सी. मीणा, रविंद्र शर्मा, चेतन शमा, अजय चंद्रावत, भूपेंद्र धाकड़, मट्टू लाल मीणा, राकेश मोहन सोनी, प्रमोद कुमार, मोरध्वज मीणा, कलाम मोहम्मद, निजाम समेत सैकड़ो मजदूर संघ के कार्यकर्ता एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

## संतो से बच्चों के सीधे संवाद करवाने का नवाचार



**कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** सेंट जोसफ पब्लिक स्कूल में आज एक विशेष संस्कार शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पूज्य श्री राकेश मुनि जी म.सा. ने अपने प्रवचनों से विद्यार्थियों को जीवन के मूलभूत संस्कारों और सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का शुभारंभ जैन धर्म के मंगलाचरण से हुआ। इसके पश्चात् चेयरमैन सर ने पूज्य मुनि श्री का परिचय दिया और उन्हें संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। अपने प्रेरणादायक प्रवचन में मुनि श्री ने बताया कि जीवन में सफलता केवल विद्या से नहीं, बल्कि अच्छे संस्कारों से भी मिलती है। उन्होंने समझाया कि यदि हम इन तीनों गुरुओं के मार्गदर्शन को स्वीकार करते हैं और उनके बताए हुए रास्ते पर चलते हैं, तो निश्चित रूप से हमारा जीवन सफल और सार्थक बनेगा। अपने कर्मों पर ध्यान दें, दूसरों पर नहीं -अपने संदेश में मुनि श्री ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि हमें दूसरों की गलतियों पर ध्यान देने की बजाय, अपने कर्मों को सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, दूसरों की गलतियों को देखने से पहले, हमें खुद को सुधारने की आदत डालनी चाहिए।

## अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्पिक मैके द्वारा भरतनाट्यम की प्रस्तुति

**कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बसंत विहार, कोटा में स्पिक मैके के तत्वावधान में प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना दिव्या राम ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिव्या राम ने अपने नृत्य के माध्यम से कई आध्यात्मिक प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया, जिनमें गणेश वंदना, वामन अवतार, केवट प्रसंग और शिव स्तुति प्रमुख थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज, सचिव अनिमेष जैन और अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के समस्त व्याख्याताओं ने दीप प्रज्वलन कर किया। दिव्या राम की प्रस्तुति ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता की गहराई में ले जाया। उनके नृत्य में भाव, लय और ताल का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। उन्होंने अपनी भावपूर्ण अभिव्यक्ति और नृत्य कौशल से दर्शकों को बांधे रखा। अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज व सचिव अनिमेष जैन ने कहा कि स्पिक मैके द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम छात्रों के लिए भारतीय संस्कृति और कला को जानने का एक अच्छा अवसर था। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन भविष्य में भी किया जाएगा। कार्यक्रम का मंच संचालन बी.एससी.बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा महक पचेरिया ने किया। उन्होंने अपनी मधुर वाणी और संचालन कौशल से कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। सचिव अनिमेष जैन ने बतया कि कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने दिव्या राम के नृत्य की खूब प्रशंसा की। उन्होने कहा कि यह कार्यक्रम स्पिक मैके द्वारा भारतीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों का एक हिस्सा है। इस कार्यक्रम में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के छात्र-छात्राओं के अलावा शहर के कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## सीएमएचओ डॉ नरेंद्र नागर ने दरा पीएचसी का निरीक्षण किया

**कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** सीएमएचओ डॉ नरेंद्र नागर ने बुधवार को दरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पूरा स्टाफ मय वर्दी हाजिर मिला। वहां चिकित्सा अधिकारी के रिक्त पद को भरने के लिए माननीय मुख्यमंत्री राज्य सरकार से बात की। विभागीय योजनाओं की प्रगति संतोषजनक मिली। निःशुल्क दवा योजना के तहत ईडीएल अनुसार निर्धारित आवश्यक दवाईयां उपलब्ध थी।

## 2.37 करोड़ रुपए के ऋण स्वीकृत

**कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** कोटा कर्मचारी सहकारी समिति की मासिक बैठक अध्यक्ष मीनू बिरला की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। समिति सचिव विमल जैन ने बताया कि बैठक में व्यक्तिगत जमानत पर 19 सदस्यों को 1.51 करोड़ रुपए, मकान क्रय पर 2 सदस्यों को 28.12 लाख, मकान की जमानत पर 3 सदस्यों को 45.65 लाख एवं 3 सदस्यों को वाहन कय हेतु 11.90 लाख रुपए सहित कुल 2.37 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए। इसके अतिरिक्त 14 नए सदस्य बनाए गए। बैठक में उपाध्यक्ष रास बिहारी पारीक, उपसचिव दिनेश पनवाड, महिला संचालक हंसा त्यागी, संचालक कर्ण सिंह हाडा, सूर्यकांत शर्मा, डॉ. विनोद पंकज, मुकुट बिहारी व ओम प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे।

## मंगलम महिला मंडल वेलफेयर सोसायटी ने किया

### कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**रामगंजमंडी 12 फरवरी (देश न्यूज)।** मंगलम महिला मंडल वेलफेयर सोसायटी मोड़क ने अध्यक्षा श्रीमति विभा सचान एवं संयुक्त अध्यक्षा श्रीमति शशी मंडोत के नेतृत्व में कुकिंग (पाककला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।मंडल की पीआरओ स्नेहा पालीवाल ने बताया कि कुकिंग प्रतियोगिता का थीम नमकीन में मोटा अनाज (ज्वार, जौ, चना, सावा, रागी) और मिठाई में बंगाली मिठाई।मीठा और नमकीन की एक-एक टेबल लगाई गई।जिसमे प्रत्येक टेबल पर 13-13 प्रतियोगी रहे।मीठे मे प्रथम स्थान पर रही श्रीमती दीपिका चौटिया दूसरे स्थान पर श्रीमती माला निर्मल एवं तीसरे स्थान पर श्री मति योगिता वैष्णव रही।वहीं नमकीन मे प्रथम स्थान पर श्रीमती नेहा भार्गव दूसरे स्थान पर श्रीमती अनुपमा व्यास एवं तीसरे स्थान पर श्रीमती रचना मिश्रा रही।स्पेशल प्राइज श्रीमती लीला मेवाड़ा को दिया गया।इस मौके पर निर्णायक मण्डल हमारे मुख्य अतिथि सुनील सचान (प्रेसीडेंट )एस के पालीवाल एस के सनाढ्य एवं विनय जैन रहे।जिनका क्लब सेक्रेटरी संगीता सनाढ्य और उनकी कमेटी ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।साथ ही सभी अतिथियों ने व्यंजनों की जमकर तारीफ की और विजेताओं को गिफ्ट एवं सभी प्रतियोगियों को प्रोत्साहन राशि घोषित की।इस मौके पर पूरी कमेटी और एग्जीक्यूटिव सदस्याएं भी मौजूद रही।

## रामगंजमंडी में संत रविदास जयंती पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

### संत किसी समाज विशेष का नही अपितु पूरी संस्कृति की धरोहर -राजा



**रामगंजमंडी 12 फरवरी (देश न्यूज)।** संत रविदास जयंती के पावन अवसर पर अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा व नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन संघ रामगंजमंडी के संयुक्त तत्त्वावधान में अग्निशमन केंद्र परिसर में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल राजा ने इस मौके पर कहा कि कोई भी संत किसी समाज विशेष का नही अपितु पूरी संस्कृति की धरोहर के रूप में होता है।संत रविदास की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ज्ञान की प्राप्ति निर्मल मन से होती है।ऐसे ही चमत्कारों में संत रैदास की कसोटी-में गंगा जी प्रकट हो गई थी। श्रद्धांजलि में मुख्य रूप से वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल राजा नगर पालिका संघ के अध्यक्ष सुरेश नरवाला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश चावरिया सहित कार्यकारणी के सभी सदस्य व लवकुश सेना के जिला अध्यक्ष रजत नरवाला मनोज चावरिया निशांत तेजी मोनू नेपाल अक्षय ऋतिक दीपक सुभाष नरेश एवं वाल्मीकि समाज के वृद्ध व युवाओं ने भाग लिया।इसके पश्चात वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल राजा व नगर पालिका संघ अध्यक्ष सुरेश नरवाला ने महासभा की युवा विंग लवकुश वाल्मीकि सेना के नवनिर्वाचित कोटा ग्रामीण जिला अध्यक्ष रजत नरवाला को माला पहनाकर स्वागत किया।

# भारत ने इंग्लैंड को 142 रन से तीसरा वनडे हराया, सीरीज 3-0 से जीती, शुभमन गिल की सेंचुरी; हर्षित-अर्शदीप को 2-2 विकेट



## 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' पहल का समर्थन करने के लिए बांह पर हरी पट्टी बांधकर खेले भारत और इंग्लैंड

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड की क्रिकेट टीमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' पहल का समर्थन करने के लिए बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में बांह पर हरे रंग की पट्टी बांधकर मैदान पर उतरीं। बीसीसीआई ने यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच शुरू होने के बाद एक बयान में यह जानकारी दी। बीसीसीआई ने कहा, 'दोनों टीम बीसीसीआई की पहल 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' का समर्थन करने के लिए बांह पर हरे रंग की पट्टी पहनकर खेल रही हैं। इस पहल की अगुवाई आईसीसी के चेयरमैन जय शाह कर रहे हैं। इस पहल की घोषणा आईसीसी के चेयरमैन और बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह ने सोमवार को की। शाह ने एक्स पर लिखा, 'भारत और इंग्लैंड के बीच 12 फरवरी को अहमदाबाद में होने वाले तीसरे एकदिवसीय के दौरान हमें एक जागरूकता पहल – अंग दान करें, जीवन बचाएं– शुरू करने पर गर्व है। उन्होंने लिखा, 'खेल में प्रेरित करने, एकजुट करने और मैदान के बाहर भी स्थायी प्रभाव पैदा करने की शक्ति है। इस पहल के माध्यम से हम सभी से सबसे बड़ा उपहार देने की दिशा में एक कदम उठाने का आग्रह करते हैं – जीवन का उपहार। शाह ने लिखा, 'एक प्रतिज्ञा, एक निर्णय, कई लोगों की जान बचा सकता है। चलिए एक साथ आएं और बदलाव लाएं! इस पहल का समर्थन कई भारतीय खिलाड़ियों ने किया जिनमें विराट कोहली और उप कप्तान शुभमन गिल भी शामिल हैं। कोहली ने बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा, 'सबसे बड़ा शतक बनाएं। आपके अंग दूसरों को आपके जीवनकाल के बाद भी जीने में मदद कर सकते हैं। एक अंग दाता के रूप में पंजीकरण करें और हर जीवन को महत्वपूर्ण बनाएं।

## स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता का निधन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता गिरीश बत्रा का यहां दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मनिका के पिता का मंगलवार को निधन हुआ और उसी दिन इंदरपुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी प्रार्थना सभा बृहस्पतिवार को रखी गई है। मनिका भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ियों में से है। उन्होंने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

### वह एक ही मैदान पर तीनों फॉर्मेट में शतक ठोकने वाले भारत के पहले बल्लेबाज बने





भारत ने इंग्लैंड को तीसरे वनडे में 142 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बुधवार को इंग्लैंड ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 356 रन बनाए। जवाब में इंग्लिश टीम 34.2 ओवर में 214 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत से ओपनर शुभमन गिल ने सेंचुरी लगाई। श्रेयस अय्यर ने 78, विराट कोहली ने 52 और केएल राहुल ने 40 रन बनाए। हर्षित राणा, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह को 2-2 विकेट मिले। इंग्लैंड से एक भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका, आदिल रशीद ने 4 विकेट लिए।

भारत-रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह।

### 50 वनडे पारियों के बाद सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने शुभमन

शुभमन गिल 50 पारियों के बाद सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के हाशिम अमला का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम 2486 रन थे। इस लिस्ट में इमाम उल हक तीसरे, फखर जमां चौथे और शाई होप 5वें नंबर पर हैं। बता दें कि मैच में गिल 102 गेंदों में 14 चौके और 3 छक्के के दम पर 112 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आदिल रशीद ने क्लीन बोल्ड किया।

### वनडे में पहली 50 पारियों के बाद सबसे ज्यादा रन

2587+ रन- शुभमन गिल
2486 रन-हाशिम अमला
2386 रन- इमाम-उल-हक
2262 रन- फखर जमां
2247 रन- शाई होप

### तीनों फॉर्मेट में एक ही मैदान पर शतक ठोकने वाले बल्लेबाज

फाफ डु प्लेसिस- वांडरर्स, जोहानिसबर्ग
डेविड वॉर्नर- एडिलेड ओवल
बाबर आजम- नेशनल स्टेडियम, कराची
क्विंटन डि कॉक- सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन
शुभमन गिल- नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद

## विराट कोहली ने 451 दिन के बाद वनडे में जड़ी फिफ्टी

### फिर यूं गिफ्ट कर गए विकेट

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय टीम के चाहने वालों के लिए आज का दिन मिला जुला रहा। एक ओर कटक में शतक जड़कर फॉर्म में वापसी का संकेत देने वाले टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी मैच में सिर्फ एक रन पर आउट हुए तो पूर्व कप्तान विराट कोहली ने 451 दिन बाद वनडे क्रिकेट में अर्धशतक जड़ने के बाद बड़े ही आसानी से अपना विकेट गंवा दिया। वह कटक वनडे की तरह ही आदिल रशीद की गेंद पर विकेट के पीछे आउट हुए। पवेलियन लौटते हुए विराट कोहली के चेहरे पर निराशा थी, क्योंकि बुधवार को वह पुराने अंदाज में दिख रहे थे। आदिल रशीद ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद स्टंप के करीब



शानदार फ्लाइटेड डिलीवरी की थी। गेंद मिडिल और लेग के आसपास पिच हुई, इसलिए विराट खेलने के लिए मजबूर हुए। बेहतरीन ड्रिफ्ट इन और फिर थोड़ा या टर्न अवे, हल्का बाहरी किनारा और गेंद सीधे साल्ट के पास गई... विकेट के पीछे मुस्तैद साल्ट ने कोई गलती नहीं की। गेंद निकलते ही विराट कोहली को अंदाजा हो गया था कि वह आउट हैं। उन्होंने अंपायर के इशारे इंतजार नहीं किया। इस तरह से आदिल रशीद ने वनडे में 5वीं बार विराट कोहली को आउट किया। उन्होंने पिछले मैच में भी इसी तरह से उन्हें आउट किया था। विराट कोहली की पारी 55 गेंदों में 7 चौके और एक छक्का के दम पर बनाए गए 52 रन के साथ ही खत्म हो गई।

## लीजेंड लीग पर आग बरसा रहा है शिखर धवन का बल्ला, खेली शानदार नाबाद अर्धशतकीय पारी

**रायपुर (छत्तीसगढ़) (एजेंसी)।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन लीजेंड 90 लीग में बल्ले से आग बरसाते नजर आ रहे हैं। उन्होने अपने पिछले मैच में बिग बॉयस के खिलाफ नाबाद 50 रनों की शानदार पारी खेली। आठ से 18 फरवरी तक चलने वाली इस लीग में शिखर के अलावा लेंडल सिमंस, थिसारा परेरा, रॉस टेलर और मार्टिन गप्टिल जैसे कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे हैं।



दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर रहे धवन ने लीग का हिस्सा बनने पर खुशी जाते हुए कहा कि, च्च् यह टूर्नामेंट रिटायड खिलाड़ियों को एक बार फिर उसी रोमांच को जीने का मौका दे रहा है, जो कभी उनका हिस्सा हुआ करता था। उन्होंने कहा कि, च्च् लीग को बहुत अच्छे तरीके आयोजित किया गया है। चाहे मैदान हो, विकेट हो, ड्रेसिंग रूम की व्यवस्था हो, सभी चीजें बहुत बढ़िया हैं, खासकर प्रशंसकों से जिस तरह का प्यार मिल रहा है, वह देखने लायक है।

90 बॉल क्रिकेट का या फटाफट प्रारूप हमारे जैसे खिलाड़ियों के लिए एक अलग ही अनुभव है। हमने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जबरदस्त प्रेशर के साथ खेला है, लेकिन यहां हम खेल पर फोकस करने के साथ ही एंजॉय भी कर सकते हैं। शिखर ने कहा, इस लीग का क्रेज बहुत जबरदस्त है और मुझे पूरा यकीन है कि मैदान के अंदर और बाहर दोनों ही जगह दर्शकों से इसे भरपूर प्यार मिलने वाला है। प्रशंसक इसका सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं। डिजिटल स्ट्रीमिंग फैन कोड और सोनी लिव पर उपलब्ध है।

## फिंच ने स्टोइनिस के संन्यास लेने के समय पर सवाल उठाए, कहा- इसी वजह से फैसला लिया गया

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच ने वनडे से अचानक संन्यास लेने के लिए मार्कस स्टोइनिस पर निशाना साधा है और इस फैसले के समय और टीम पर इसके प्रभाव पर सवाल उठाए हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किए गए स्टोइनिस ने पिछले सप्ताह इस प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा की जिससे चयनकर्ताओं को उनकी जगह किसी और को चुनने के लिए मशक्कत करनी पड़ी।



फिंच ने स्टोइनिस की ओर से टीम प्रबंधन को पहले से सूचित न किए जाने पर निराशा व्यक्त की। उनका मानना ??है कि इस ऑलराउंडर को टीम में चुने जाने से पहले कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और कप्तान स्टीव स्मिथ को पहले से सूचित कर देना चाहिए था। फिंच ने कहा, जब चयन, कोच और कप्तान ने आप पर भरोसा जताया हो - तो शायद थोड़ा और पहले से सूचित किया जाना चाहिए? आप जानते हैं, मैं यही सोच रहा हूं। मुझे आश्चर्य होगा अगर यह बिना सोचे-समझे लिया गया फैसला भी हो। मुझे यकीन है कि इस बारे में पहले से ही योजना बनाई गई होगी और एंड्रयू मैकडोनाल्ड और मार्कस स्टोइनिस के बीच इस पर बातचीत हुई होगी।

ऑलराउंडर पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की व्हाइट-बॉल सीरीज का हिस्सा था, उसके बाद बिग बैश लीग और फिर दक्षिण अफ्रीका में ट्ट20। चैंपियंस ट्रॉफी के तुरंत बाद आईपीएल होने वाला है, फिंच का मानना ??है कि लगभग पांच महीने तक बाहर रहने की संभावना ने स्टोइनिस को वनडे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया होगा।

फिंच ने कहा, आखिरकार, प्रत्येक खिलाड़ी के पास यह तय करने का अवसर होता है कि आगे उनका भाग्य क्या होगा। अगर आप पिछले कुछ वर्षों में मार्कस स्टोइनिस को देखें तो वह टी20 खेलना पसंद करते हैं। पाकिस्तान में रहना, फिर घर पर क्रिकेट की गर्मियों के बाद सीधे भारत आना यह संभावित रूप से चार-पांच महीने बाहर रहने जैसा हो सकता है। शायद इसी वजह से यह फैसला लिया गया। स्टोइनिस के हटने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम का चयन करते हुए उनके स्थान पर ऑलराउंडर आरोन हार्डी को टीम में शामिल किया।

### चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, एलेक्स कैरी, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट, एडम जम्पा

**ट्रैवलिंग रिजर्व** – कूपर कोनोली

# व्यापार

## बाजार में हाहाकार के बीच 55 के नीचे आ गया अडानी का शेयर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार निकासी और ट्रेड वार की आशंकाओं के बीच बुधवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स आज कारोबार के दौरान 600 अंक से अधिक टूट गया था। इससे पहले बीते मंगलवार को सेंसेक्स 1200 अंकों से अधिक लुढ़क गया था। इस बीच अधिकतर शेयरों में भारी गिरावट देखी जा रही है। इसमें एक शेयर– सीमेंट कंपनी सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड का भी है। अडानी समूह की इस कंपनी के शेयर आज 52 वीक के नए लो पर पहुंच गए। कंपनी के शेयर आज 3 प्रतिशत तक गिरकर 54.05 रुपये पर आ गए थे।

### क्या है डिटेल

अडानी समूह के स्वामित्व वाली कंपनी सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने हाल ही में अपने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। चालू वित्त वर्ष के दिसंबर तिमाही में सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड का कुल घाटा 96.96 करोड़ रुपये रहा, यह पिछले साल इसी तिमाही के दौरान शुद्ध घाटा 201.55 करोड़ रुपये था। बिक्री 36.94 प्रतिशत बढ़कर 258.96 करोड़ रुपये हो गई। दिसंबर तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 259 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 189 करोड़ रुपये थी।

## विकसित भारत लक्ष्य के लिए जुटाने होंगे 347 लाख करोड़

### वित्तीय क्षेत्र का तेजी गति से विस्तार जरूरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने के लिए घरेलू बैंकिंग क्षेत्र को अगले दो दशक में 347.3 लाख करोड़ रुपये (4 ट्रिलियन डॉलर) की पूंजी जुटाने की आवश्यकता होगी। एचएसबीसी म्यूचुअल फंड की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पाने के लिए वित्तीय और बैंकिंग परिसंपत्तियों को जीडीपी की तुलना में बहुत तेज रफ्तार से बढ़ना होगा। भारतीय जीडीपी के 2023 के 3.4 लाख करोड़ डॉलर की तुलना में करीब 9 गुना बढ़कर 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इस आर्थिक विस्तार को समर्थन देने के लिए बैंकिंग परिसंपत्तियों को 2047 तक 14.5 गुना बढ़कर 45 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचना होगा, जिनका मूल्य वर्तमान में 3.1 लाख करोड़ डॉलर है।

### वित्तीय क्षेत्र का भी तेज गति से विस्तार जरूरी

रिपोर्ट के मुताबिक, अच्छी तरह से विकसित वित्तीय क्षेत्र कर्ज, निवेश और अन्य वित्तीय सेवाएं प्रदान कर आर्थिक विकास को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत के वित्तीय क्षेत्र को अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण रूप से विस्तार करना होगा। इसलिए, वित्तीय परिसंपत्तियों को 2047 तक 19 गुना बढ़कर 120 लाख करोड़ डॉलर के स्तर तक पहुंचना होगा, जिनका मूल्य 2023 में 6.4 लाख करोड़ डॉलर था।

वर्तमान में अमेरिका 135 लाख करोड़ डॉलर की वित्तीय परिसंपत्तियों के साथ दुनिया में सबसे आगे है। चीन 78 लाख करोड़ डॉलर के साथ दूसरे और जर्मनी 21 लाख करोड़ डॉलर की वित्तीय परिसंपत्तियों के साथ तीसरे स्थान पर है। इन देशों की तुलना में भारत का वित्तीय क्षेत्र वर्तमान में बहुत छोटा है, लेकिन देश की आर्थिक महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए इसे तेजी से बढ़ने की जरूरत होगी।

### उच्च वृद्धि को बनाए रखना असली चुनौती

रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय जीडीपी का आकार 2030 तक करीब दोगुना बढ़कर 7 लाख करोड़ डॉलर पहुंच सकता है। हालांकि, अगले दो दशक तक उच्च वृद्धि को बनाए रखना असली चुनौती होगी। अगर भारत अपने वित्तीय क्षेत्र का अपेक्षित गति से विस्तार करता है, तो वह न सिर्फ 30 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी लक्ष्य तक पहुंचेगा, बल्कि 2047 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख खिलाड़ी बन जाएगा।

### गुणक प्रभाव पैदा करने में मिलेगी जरूरी मदद

बैंकिंग क्षेत्र के चार लाख करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाने से गुणक प्रभाव पैदा करने में मदद मिलेगी। इससे व्यापार, निवेश, औद्योगिक विकास और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा मिलेगा। एक मजबूत बैंकिंग प्रणाली भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को भी बढ़ाएगी, जिससे अधिक विदेशी निवेश आकर्षित होगा।

## सोने के तेवर हुए नरम, सर्राफा बाजारों में सस्ता हुआ सोना, चांदी में बड़ी गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आसमान छू रहीं सोने की कीमतों में आज नरमी है। बुधवार 12 जनवरी को 24 कैरेट गोल्ड 388 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 85093 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। जबकि, चांदी 991 रुपये प्रति किलो सस्ती होकर 94400 के रेट से खुली। आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड की कीमत आज 84792 रुपये पर आ गई है। 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव अब 77945 रुपये और 18 कैरेट का भाव 63820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 49779 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। यह रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किया है, जिसमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आसमान छू रहीं सोने की कीमतों में आज नरमी है। बुधवार 12 जनवरी को 24 कैरेट गोल्ड 388 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 85093 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। जबकि, चांदी 991



रुपये प्रति किलो सस्ती होकर 94400 के रेट से खुली। आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड की कीमत आज 84792 रुपये पर आ गई है। 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव अब 77945 रुपये और 18 कैरेट का भाव 63820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 49779 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। यह रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किया है, जिसमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो।

### एमसीएक्स पर भी लुढ़का सोना

एमसीएक्स पर सोना गिरावट के साथ खुला। चार अप्रैल के कांट्रैक्ट के लिए आज सोना 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,926 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला, जो पहले 85,523 रुपये पर बंद हुआ था। हालांकि खुलने के कुछ ही मिनटों के भीतर सोना 0.84 फीसद टूटकर 84,807 रुपये के स्तर पर आ गया। इससे पहले 11 फरवरी को सोने का यही कांट्रैक्ट 86,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था।

**क्यों गिरा सोने का भाव**– अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतों में भी मुनाफावसूली देखी गई, जो पिछले सत्र में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। जबकि पॉवेल की टिप्पणी ने इस साल धीमी दर में कटौती का संकेत दिया, निवेशकों ने इस सप्ताह अमेरिकी मुद्रास्फीति रिपोर्ट पर फोकस किया।

## युवक ने खुद के पेट में 2 बार मारा चाकू

**कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते खुद के पेट में चाकू मार लिया। मोबाइल पर बात करते-करते युवक ने ऐसा किया। उसके दोस्त एमबीएस हॉस्पिटल लेकर गए और भर्ती करवाया।



मामला कोटा शहर के भीमगंज मंडी थाना क्षेत्र का है। मोबाइल पर बात करते हुए आया गुस्सा-भीमगंज मंडी थाना सीआई रामकिशन गोदारा ने बताया- युवक रजत पांडे (30) रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र के कैलाशपुरी का रहने वाला है। वह मंगलवार देर रात अपने दोस्तों के साथ अन्नपूर्णा रसोई में खाना खाने आया था। खाना खाने के बाद रंगपुर पुलिया के नीचे रजत फोन पर बात कर रहा था। बात करते-करते अचानक गुस्सा हुआ और अपने पेट में दो बार चाकू मार दिया। दोस्त उसे एमबीएस हॉस्पिटल लेकर गए। युवक आईसीयू में है। 3 साल पहले काटी थी हाथ की नस-युवक के साथी दोस्तों ने पुलिस को बताया कि तीन साल पहले भी रजत ने अपने हाथों की नसें काटी थी। यह किसी युवती से बात करता है। आपस में बातचीत के दौरान युवक ने चाकू मार लिया।

## नैनवां में हर वार्ड में होंगे 5.24 करोड़ के काम

### नगर पालिका का 43 करोड़ का बजट पारित, फर्जी पट्टा प्रकरण पर कार्रवाई की मांग



**बून्दी 12 फरवरी (देश न्यूज)।** नगर पालिका नैनवां में बुधवार को हुई बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 43 करोड़ 11 लाख रुपए का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष सरिता नागर की अध्यक्षता में हुई पहली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पार्षदों ने पूर्व अध्यक्ष प्रेम बाई के फर्जी पट्टा प्रकरण को लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उनके निलंबन के बाद कब्जे वाले भूखंड से अतिक्रमण हटाने और न्यायिक कार्रवाई की मांग प्रमुखता से उठाई गई। विकास कार्यों के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की घोषणा के अनुसार 10 करोड़ रुपए के प्रस्ताव पारित किए गए। इसमें तालाब का सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट, चौराहों का विकास, नाला-नाली और सड़क निर्माण, बस स्टैंड का विकास, उद्यान विकास और मेला ग्राउंड के विकास कार्य शामिल हैं। साथ ही प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ 24 लाख रुपए का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों में स्थानांतरित कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त करने का फैसला लिया गया। साथ ही, घटिया निर्माण कार्य करने वाले संवेदकों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई पर भी सहमति बनी।

## श्मशान में रात को जलता मिला युवती का शव-बिना लकड़ियों के लगाई आग

### पैरों में थी चांदी की बिछिया,लाश के पास मिले स्पोर्ट्स शूज

**उदयपुर 12 फरवरी (न्यूज नेटवर्क)।** उदयपुर के श्मशान में देर रात ग्रामीणों ने आग जलते देखी तो चौंक गए। करीब जाकर देखा तो बिना लकड़ियों के युवती का शव जल रहा था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस



मौके पर पहुंची तो शव आधा जला हुआ था। युवती के पैरों में चांदी की बिछिया पहनी हुई थी और शव के पास ही स्पोर्ट्स शूज मिले। पुलिस ने देर रात ही स्त्रस्टीम को बुलाया और मौके से सबूत जुटाए। मामला बड़गांव थाना इलाके के मदार गांव का रात 10 बजे का है। युवती की उम्र 20 से 30 साल के बीच बताई जा रही है। पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस टीम आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## एक्सीडेंट में बाइक सवार देवर भाभी सहित 3 की मौत

**धौलपुर 12 फरवरी (न्यूज नेटवर्क)।** धौलपुर में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार देवर-भाभी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, डेढ़ साल का मासूम जिंदा बच गया। परिवार बाइक



नत्थो विकास अनुष्का

से फिरोजपुर से मनियां के एक गांव में अपने रिश्तेदारों के कुंभ से लौटने पर आयोजित कार्यक्रम में जा रहे थे। हादसा बुधवार दोपहर करीब 11-45 बजे आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे-44 पर चंद्र पेट्रोल पंप के पास हुआ। मनिया थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे- 44 पर चंद्र पेट्रोल पंप के पास हादसे की सूचना मिली थी। पुलिस को घटनास्थल पर बाइक सवार विकास (22) पुत्र राकेश, नत्थो (21) पत्नी सोनू और अनुष्का (8) पुत्री प्रताप निवासी फिरोजपुर मृत हालत में मिले। वहीं, डेढ़ साल का मासूम बल्लन पुत्र सोनू मौके पर सकुशल मिला। विकास अपनी भाभी नत्थो और चचेरे बहन अनुष्का को लेकर मनियां के दंडोली गांव में रिश्तेदारी में जा रहा था। मृतक नत्थो के चाचा मुकेश कुमार कुंभ में स्नान करके लौटे थे। कन्या भोजन का कार्यक्रम था। पुलिस मौके से फरार वाहन की तलाश में जुटी है।

## 4 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बूंदी।** बूंदी पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीना और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा के निर्देशन में नैनवां थाना पुलिस ने एक आरोपी को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कमलेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि पालेश्वर महादेव की पाल दुगारी के पास एक व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दुगारी निवासी 39 साल के शोजीलाल पुत्र जयलाल गुर्जर को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से पॉलीथीन की जिपर थैली में रखी 4.69 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थानाधिकारी करवर के नेतृत्व में मामले की आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई में कॉन्स्टेबल रामेश्वर, कमलेश, राजेश, बल्लोसिंह और आरिफ की टीम शामिल रही। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह की गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विकसित भारत 2047 की नींव है, इस वर्ष का केन्द्रीय बजट : अग्रवाल

### भाजपा एक अनुशासित पार्टी है : मंत्री किरोड़ी के नोटिस पर कहा



**कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने आज कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है अगर कोई भी अनुशासनहीनता करता है तो उसे जवाब मांगना स्वभाविक है, यह बात आज पत्रकार वार्ता में भाजपा के विभिन्न राज्यों के मंत्रियों को दिए गए नोटिस के जवाब में कहीं। केन्द्रीय बजट की परिचर्चा को लेकर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री मोदीजी के विकसितभारत 2047 के स्वप्न की नींव है प्रस्तुत बजट। जिससे जब भारत अपना 100 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा होगा, तब भारत में शून्य गरीबी हो। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए बहुआयामी लक्ष्य तय करके, पूरी जबाब देही से कार्यों को पूरा करने की रणनीति से मोदीजी की सरकार काम कर रही है। वर्तमान सरकार ने बजट में कर प्रणाली को आसान किया है और मध्यमवर्ग को बड़ी राहत दी है। अग्रवाल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज और व्यवस्थित गति से आगे बढ़ रही है। जिसकी जीडीपी दर विश्व में सबसे तेज है। वहीं विदेशी मुद्रा भंडार में हम आत्मनिर्भर हैं, इतिहास का सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार वर्तमान में भारत के पास है। देश अपनी सभी आयात जरूरत को पूरा करने में आत्मनिर्भर है, सक्षम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन आत्मनिर्भर भारत 2047 के लिए वर्तमान बजट में चार ग्रोथ इंजन तय किए गए हैं यह है कृषि, लघु उद्योग, निवेश और निर्यात। जिन पर विशेष फोकस करके देश की प्रगति को नई ऊंचाई प्रदान करने की कोशिश की जाएगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता अग्रवाल नें कहा कि भाजपा की मोदी सरकार पूर्ण लक्ष्य प्राप्ति की दृष्टि से रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म की पद्धति से जमीनी स्तर तक प्रतिबद्धता पूर्णता से कार्य संपादित कर रही है। अग्रवाल ने कहा कि इस बजट के माध्यम से मोदी सरकार ने 6 प्रमुख कार्य चुने हैं जिससे देश में व्यवस्थाओं का सरलीकरण और विकास कार्यों में उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने बताया कि कर प्रणाली का सरलीकरण किया जा रहा है, आयकर प्रावधानों में छूट के नए प्रावधानों से मध्यम वर्ग एवं सभी आयकरदाताओं को बड़ी राहत दी गई है।

वही कॉर्पोरेट कर और जीएसटी में भी राहतपूर्ण तरीके से व्यवस्थित किया गया है, उनकी दरें कम की गई। वहीं सरकार अर्बन डेवलपमेंट पर पूरा जोर दे रही है इसमें संसाधन और सुविधाओं के निर्माण से लेकर पर्यटन विकास तक की एक विस्तृत श्रंखला है। इसी तरह से सरकार ने कानून सुधार पर भी व्यापक ध्यान दिया है 1400 गैर जरूरी कानून भारत सरकार खत्म कर चुकी है और 100 अन्य गैर जरूरी कानून खत्म करने के लिए चिन्हित हैं। इसी तरह सरकार ने वित्तीय निवेश, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विशेष विस्तार का लक्ष्य रखा हुआ है। जिससे स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का निर्माण होगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान को केंद्रीय बजट से सभी प्रकार की घोषणाओं एवं योजनाओं और कल्याणकारी कार्यों का जमीनी स्तर तक लाभ प्राप्त होगा। वहीं केंद्र के बजट में नए एयरपोर्ट, नए टूरिज्म सेंटर, जल जीवन मिशन, नेशनल हाईवे, पावर सेक्टर , रेलवे जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में भी अतिरिक्त निवेश का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी प्रदेश अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, मीडिया कोटा संभाग संयोजक अरविंद सिसोदिया आदि उपस्थित रहे। भारत में वर्तमान में बढ़ते भ्रष्टाचार के बारे ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने विगत 10 वर्ष में भारत भारत का स्थान 74 से 96 आने के बारे में देश की धरती के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा की यह अनेक मानकों के आधार पर होता है पर व्यवहार में भ्रष्टाचार कम हुआ है और विभिन्न लाभार्थियों को उनके बैंक खातों में सीधी राशि ट्रांसफर से भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने भी बजट के बारे में अपने विचार व्यक्त किये।

### अग्रवाल ने प्रबुद्ध जन सम्मेलन को भी संबोधित किया

भाजपा कोटा का द्वारा आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में भी राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने इस वर्ष प्रस्तुत बजट की विकासोन्मुख विशेषताओं से अवगत कराया। रेड क्रोस सोसायटी प्रदेश अध्यक्ष राजेश बिरला ने कहा कि हम सभी का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों को मजबूत बनाना होना चाहिये। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि देश कि दिशा व दशा बदलने वाला बजट है। 2047 का ऐसा विकसित भारत का सपना है जिसमें गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों को उस रेखा से बाहर निकालना है। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट विकसित भारत 2047 को समर्पित बजट है। मोदी जी का बजट गरीब, युवा, अन्नदाता किसान एवं नारी शक्ति इन चारों पर फोकस किया गया है। कोटा शहर में पर्याप्त पीने का पानी, प्रचुर मात्रा बिजली की व्यवस्था, विशाल रेलवे नेटवर्क है। लोकसभा अध्यक्ष ओम जी बिरला के प्रयासों से ही कोटा रेल्वे स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है और कोटा में जल्द ही एयरपोर्ट के निर्माण हेतु निविदाए जारी हो चुकी है तथा जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू होगा । कोटा शहर से व्यापारीगण, शिक्षा, चिकित्सा, कोचिंग सहित अनेको क्षैत्रों से प्रबुद्धजन सम्मिलित हुए।

## रणथम्भौर में बाघिन आरबीटी-103 ने दो शावकों को दिया जन्म

**सवाई माधोपुर 12 फरवरी (देश न्यूज)।** रणथम्भौर टाइगर रिजर्व से खुशखबर आई है। यहां की कुंडेरा रेंज में बाघिन आरबीटी-103 ने दो शावकों को दिया जन्म दिया है। 2 शावकों के जन्म लेने के बाद रणथम्भौर में बाघ, बाघिन और शावकों की संख्या 77 हो गई है। रणथम्भौर टाइगर रिजर्व प्रथम के छ्स्रह रामानंद भाकर ने बताया कि टाइगर रिजर्व की कुंडेरा रेंज में मादा बाघिन ने 2 शावकों को जन्म दिया है। बाघिन अपने दोनों शावकों के साथ कुंडेरा रेंज में ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। शावकों की उम्र लगभग 3-5 महीने है।



बाघिन आरबीटी-103 ने पहली बार शावकों को जन्म दिया है। फिलहाल वन विभाग की ओर से शावकों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। आरबीटी-103 बाघिन टी-73 की बेटी है। जिसकी उम्र करीब साढ़े आठ साल है। फिलहाल बाघिन की टेरेटरी रणथम्भौर टाइगर रिजर्व की कुंडेरा रेंज में है। जहां बाघिन व उसके दोनों शावकों की फोटो कैमरा ट्रैप में कैद हुई है।

## ट्रक का केबिन तोड़कर ऑटो पर गिरी मशीन,4 की मौत

**सिरोही 12 फरवरी (न्यूज नेटवर्क)।** सिरोही में तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटोरिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। इससे ट्रक में रखी 19 टन वजन की लोहे की मशीन केबिन को तोड़ते हुए ऑटो पर गिर गई। मशीन के नीचे दबने से 2 महिलाओं समेत 4 लोगों की मौत हो गई। 8 लोग घायल हो गए। हादसा बुधवार दोपहर 3 बजे स्वरूपगंज थाना क्षेत्र में उदयपुर-पालनपुर नेशनल हाईवे-28 पर कोदरला गांव के पास हुआ। मशीन के नीचे दबने से ट्रक ड्राइवर, हेल्पर और ऑटो में बैठी एक महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। मशीन को क्रेन की सहायता से उठाकर शवों को बाहर निकाला गया। वहीं, एक महिला की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।



मशीन के नीचे दब गए लोग- स्वरूपगंज एएसआई नरेंद्र ने बताया- ट्रक (पिंडवाड़ा) सिरोही से आबूरोड की तरफ जा रहा था। ट्रक में लोहे की भारी मशीन रखी हुई थी। एनएच-28 पर कोदरला गांव के पास ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इससे ट्रक में रखी मशीन केबिन को तोड़ते हुए ऑटो पर गिर गई। ट्रक ड्राइवर डीग निवासी साबिर पुत्र मकसूद मोहम्मद, हेल्पर गरासिया निवासी बसंतगढ़ हीरा पुत्र रत्न और ऑटो सवार बुला गांव निवासी रमिला पत्नी भावाराम मशीन के नीचे दब गए। उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मशीन को कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की सहायता से हटाकर तीनों के शव बाहर निकाले। ऑटो में सवार 9 लोग घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए स्वरूपगंज के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। पांच देवल निवासी भंवरी पत्नी रमेश की प्राथमिक इलाज के बाद रेफर करने पर उदयपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। ट्रक में लगी थी 19 टन भारी मशीन-स्वरूपगंज थाने के हेड कॉन्स्टेबल गोविंद लाल ने बताया- ट्रक में 19 टन वजन की इलेक्ट्रॉनिक प्रेशर मशीन रखी हुई थी। यह दूसरी मशीनों में प्रेशर डालने के काम आती है। हादसे के बाद हाईवे जाम-ट्रक और ऑटो की भिड़ंत के बाद हाईवे पर जाम लग गया। स्वरूपगंज थाना पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैफिक को एकतरफा कर जाम को खुलवाया।

## 10 हजार का इनामी बदमाश अस्पताल से पकड़ा

**झालावाड 12 फरवरी (देश न्यूज)।** झालावाड़ पुलिस ने दंपती पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नमन श्रीवास (22) एक सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद एसआरजी अस्पताल में इलाज करा रहा था, जहां से पुलिस ने उसे दबोच लिया। सीआई रामकेश मीना के अनुसार, यह मामला संजय कॉलोनी का है, जहां आरोपियों ने एक दंपती से फिरौती की मांग की थी। दंपती द्वारा फिरौती न देने और मुकदमा वापस न लेने पर बदमाशों ने उन पर लोहे के सरिये और चाकुओं से हमला कर दिया था। इस मामले में मुख्य आरोपी कबीर संजरी और तोहिद उर्फ नाना शादाब को 8 फरवरी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने इस वारदात में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। विशेष टीमों का गठन कर लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे घटनास्थल संजय कॉलोनी से लेकर खारी बावड़ी, बंदूक वाली गली, मंगलपुरा, पीलखाना और सर्राफा बाजार तक का भ्रमण कराया, जहां से वह घटना के बाद फरार हुआ था। पुलिस अब घटना के पीछे के उद्देश्यों और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।



## नकली नोट सप्लायर गिरफ्तार, 5 हजार का इनाम था घोषित

### एक लाख के जाली नोट के साथ पकड़े गए आरोपी ने बताया था नाम

**झालावाड़ 12 फरवरी (देश न्यूज)।** झालावाड़ जिले की पिड़ावा पुलिस ने नकली नोट मामले में 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी मनोहर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी ने मनोहर सिंह ने नोट खरीदने की बात कही थी। एसपी ऋचा तोमर के अनुसार यह मामला 30 जनवरी का है, जब गश्त के दौरान एएसआई रईस ने श्याम सिंह नामक व्यक्ति के पास से एक लाख रुपए के नकली नोट बरामद किए थे। पूछताछ में श्याम सिंह ने खुलासा किया कि उसने ये नकली नोट मिश्रोली थाना इलाके के चंद्रपुरा खेड़ा निवासी मनोहर सिंह से खरीदे थे। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था। थानाधिकारी सुरेश गुर्जर के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस अब मनोहर सिंह से पूछताछ कर रही है और नकली नोटों के मूल स्रोत का पता लगाने का प्रयास कर रही है। यह मामला नकली मुद्रा के नेटवर्क को उजागर करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। पुलिस के अनुसार इस तरह के मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।



## युवक ने पत्नी को गला घोंटकर मार डाला

लालसोट। दौसा में मंगलवार रात युवक ने गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने पत्नी की हत्या करने की बात कबूल की। उसने बताया कि पत्नी से किसी बात पर झगड़ा हो गया था। इसके बाद उसने गुस्से में आपा खो दिया और पत्नी को मार डाला। लालसोट डीएसपी दिलीप मीणा ने बताया- बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि राणोली गांव में विवाहिता का शव मिला है। मौके पर पहुंचकर देखा तो पूनम देवी (30) के गले पर निशान थे।

## जान से मारने की नियत से हमला करने के आरोपी को 5 वर्ष का कारावास

**कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** जान से मारने की नियत से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पांच वर्ष का कारावास एवं 15500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया है। प्रकरण के अनुसार 9 मार्च 2011 को परिवादी कल्याण सिंह द्वारा पुलिस थाना विज्ञान नगर, कोटा पर एक लिखित रिपोर्ट इस आशय की प्रस्तुत की गई कि 8 मार्च 2011 को रात्रि 8.30 बजे अपने बच्चे को छत्रपुरा कॉलोनी डॉक्टर को दिखाने जा रहा था तभी उनके मोहल्ले का रहने वाला तौफिक मिला, जो लाल रंग की पेशन मोटरसाईकिल पर था, उसके पीछे शंकर एवं एक अन्य था तथा दो तीन मोटरसाईकिल उसके साथ और भी थी जिस पर अन्य लोग बैठे थे। इन लोगों ने उसे गली के कोने पर सोनू किरान स्टोर के सामने जाते हुए को रोका व तौफिक ने कहा कि तू भोजराज का दोस्त है, भोजराज की वजह से वह पहले थाने में बंद हो गया था, इस समय इसके दो हजार रुपए खर्च हो गए, तेरे से लेकर छोड़ूंगा, यह कहते हुए तौफिक से अपने पास की पिस्तौल निकालकर उसे जान से मारने की नियत से उसके सीने के बराबर निशाना साधकर गोली चलाई, यह एकदम साइड में हट गया, गोली उसके साइड से निकल गई, इतने में उसका दोस्त भोजराज व मुकेश चौधरी व अन्य लोग आए, जिनको देखकर तौफिक मोटरसाईकिलो से संजय नगर हनुमान मंदिर की तरफ भाग गए। भागते हुए तौफिक ने कहा कि तेने रिपोर्ट करा दी तो तुझे जान से मार दूंगा। उसके डर के वह रिपोर्ट कराने नहीं आया। उसके दोस्तों ने समझाया कि अगर रिपोर्ट नहीं कराई तो उसके साथ ये लोग फिर घटना कर सकते है। इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस थाना विज्ञान नगर, कोटा में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 156/2011 अपराध अन्तर्गत धारा 143, 341, 307 भारतीय दण्ड संहिता में पंजीबद्ध किया जाकर आवश्यक अनुसंधान अभियुक्त तौफिक अली के विरुद्ध धारा 147, 341, 307 सपठित धारा 149 भारतीय दण्ड संहिता एवं धारा 3/25 आयुध अधिनियम तथा अन्य सह अभियुक्तगण के विरुद्ध 147, 341, 307 सपठित धारा 149 भारतीय दण्ड संहिता के तहत आरोप पत्र पेश किया गया। न्यायालय के द्वारा मुलजिम तौफिक अली को धारा 147, 341, 307 अथवा 307 संपठित धारा 149 भारतीय दण्ड संहिता एवं धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत ही आरोप पृथक से विरचित कर सुनाए।

## 36 लाख की लूट के दो आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

**कोटा 12 फरवरी (देश न्यूज)।** गुमानपुरा थाना पुलिस ने पुलिस वर्दी पहन कर 36 लाख रुपयों की लूट करने वाले फरार दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है। पुलिस अब तक कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। सिटी एसपी डॉ.अमृता दुहन, ने बताया कि 25 नवंबर 24 को फरियादी ने उपस्थित थाना होकर दर्ज कराया कि मैं कोटा में टीचर्स कोलोनी गुमानपुरा में रहता हूं टीचर्स कोलोनी में गुजरात के और व्यक्ति भी रहते है। जिनका मैं खाना बनाता हूं। आज 25 नवंबर 24 को समय 4. 16 क्र्ल्के करीब मै मेरे किराये के मकान में सो रहा था उस समय तीन व्यक्ति मेरे पास आये व मेरे से कमरे का गेट खुलवाया मैने गेट खोला तो दो व्यक्तियो ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी व एक व्यक्ति सादा कपडो में था मेरे को बाल पकड़ कर कहा कि आप लोग ड्रग्स बेचते हो और कमरे की तलाशी लेने लगे आलमारी में काला रंग का कपडे का बैग रखा था जिसमे कुल छत्तीस लाख रुपये करीब थे बैग में मेरी आईडी (आधार कार्ड भी था मेरे दो चाटे मारे मेरे को व छत्तीस लाख से भरा हुआ बैग को लेकर मेरे कमरे से बाहर ले आये एक व्यक्ति बाहर था वहीं पर स्वीफ्ट गाडी खडी थी मेरे को गाडी में बैठा लिया और गाडी में मेरे को लेकर चले गये स्वीफ्ट डिजायर का ग्रे कलर था मेरे को रावतभाटा रोड फोर लाइन से पहले पेट्रोल पंप के पास गाडी से नीचे उतार दिया पैसो से भरा हुआ बैग और मेरी सिम जियो कंपनी मोबाईल से निकालकर की थी ले गये मैं पैदल पैदल वापस टीचर्स कोलोनी गुमानपुरा आया। उक्त 36 लाख रूपये अजय के थे। इस पर प्रकरण दर्ज कर प्रकरण में वांछित मुल्जिामन की गिरफ्तारी के क्रम में अनिल कुमार टेलर पु. नि, के नेतृत्व में टीम गठन करते हुए प्रकरण में वांछित मुलजिमान राहुल गुप्ता उर्फ नकटा पुत्र राकेश उम्र 34 वर्ष निवासी डी-3-19/5 रामा विहार नई दिल्ली, कमलजीत पुत्र जसविन्दर उम्र 33 वर्ष निवासी आरजेडक्यू 120 निहाल विहार दिल्ली को तिहाड़ जेल रोहिणी दिल्ली से प्रोडेक्शन वारंट पर 11 फरवरी 25 बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। जिनसे प्रकरण में गहनता से अनुसंधान किया जाकर बाद अनुसंधान न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उक्त मुल्जिमों को शिनाख्तगी कार्यवाही हेतु सेन्ट्रल जेल कोटा में दाखिल कराया गया। पूर्व में मुलजिमान अमित भाई व संजीव चौपडा उर्फ शेरा को गिरफ्तार कर केन्द्रीय कारागृह कोटा में दाखिल कराया गया था।




## कार्यालय नगर पालिका, रामगंजमण्डी जिला कोटा (राज.)

क्रमांक: न.पा.रा./2025/4199 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक :12.02.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका द्वारा स्वीकृत योजना में नामांतरण हेतु नगर पालिका कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। नामान्तरण दर्ज किए जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के सात दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रुप में प्रस्तुत कर दे। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम मय पता | राजस्व ग्राम मय खसरा नं. | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | उनवान | चर्तुसीमा की स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री देवीलाल प्रजापति पुत्र श्री नानूराम जाति कुम्हार निवासी ग्राम कालाकोट हाल मुकाम रामगंजमंडी | खैराबाद 920 | B-13 | 600 वर्गफुट | नामान्तरण हेतु | पप्पू जी गौतम का मकान | रोड़ | दयानंद जी मीणा का मकान | सुरेश जी चीता का मकान |
| 2 | श्री देवीलाल प्रजापति पुत्र श्री नानूराम जाति कुम्हार निवासी ग्राम कालाकोट हाल मुकाम रामगंजमंडी | खैराबाद 920 | 33 | 1160 वर्गफुट | नामान्तरण हेतु | रास्ता | मकान राधेश्याम जी | मकान शेभाराम जी | मकान धन्नालाल जी |
| 3 | श्री राहुल गोयल पुत्र श्री मुकेश गोयल जाति अग्रवाल निवासी बारी जिला धौलपुर हाल निवासी रामगंजमंडी | गोरधनपुरा 81 | 67 | 1000 वर्गफुट | नामान्तरण हेतु | प्लॉट नं.68 | प्लॉट नं.66 | प्लॉट नं.76 | रास्ता |
| 4 | श्री नरेश पुत्र श्री ओम प्रकाश जाति मेहतर निवासी रामगंजमंडी | गोरधनपुरा 105 | - | 840 वर्गफुट | नामान्तरण हेतु | ओम प्रकाश का मकान | बालचंद का मकान | कृषि भूमि | रास्ता |
| 5 | श्रीमती मीनाषी मेघवंशी पत्नी श्री महेश कुमार धानिया जाति मेघवाल निवासी रामगंजमंडी | गोरधनपुरा 2 | 7 | 862.5 वर्गफुट | नामान्तरण हेतु | शेष भाग प्लॉट नं.1 | प्लॉट नं.8 | श्रीराम कॉलोनी | कॉलोनी रास्ता |

**अधिशाषी अधिकारी,**
**नगरपालिका रामगंजमण्डी**


प्रकाशक, मालिक, मुद्रक प्रदीप जैन द्वारा देश की धरती प्रेस ओ.सी.एफ.-4 देश की धरती कॉम्पलेक्स विश्वकर्मा नगर कोटा से मुद्रित होकर OCF-4 देश की धरती कॉम्पलेक्स विश्वकर्मा नगर, कोटा ( राज. ) से प्रकाशित। संपादक प्रदीप जैन

आर.एन.आई.न.26204/74 कोटा मो.नं. 9829221551